# 23 साल से नौकरी कर रहा धोखेबाज शिक्षक हुआ बर्खास्त

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल में 23 साल से भी अधिक समय से नौकरी कर रहे धोखेबाज शिक्षक को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्त कर ही दिया। उसने अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से परीक्षा देकर अपने जन्म तिथि में सात साल का हेर -फेर किया है। उसके खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिया गया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह की ओर से मंगलवार की शाम जारी सेवा समाप्ति आदेश के अनुसार रसड़ा क्षेत्र के जाम गांव निवासी ब्रजनाथ राम की नियुक्ति एक जुलाई 1999 को बेसिक शिक्षा परिषद में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी। वे पिछले कुछ वर्षों से जूनियर हाईस्कूल महाराजपुर, शिक्षा क्षेत्र रसड़ा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात था। ब्रजनाथ के खिलाफ उन्हीं के गांव के श्रीराम नारायण गोंड पिछले करीब एक साल से डीएम व बीएसए से शिकायत कर रहे थे। उन्होंने अंतिम शिकायत सात नवम्बर 2022 को जिलाधिकारी से की थी, जिसमें आरोप लगाया था कि ब्रजनाथ राम की दो तरह की जन्मतिथि है। पहली एक दिसंबर 1953 और दूसरी एक दिसंबर 1960 है। इस संबंध में उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गए पुख्ता प्रमाण भी दिए थे। बीएसए ने शिकायतों की जांच रसड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विभिन्न स्तर पर कराई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मानव संपदा पर अपलोड अभिलेखों व सेवा पुस्तिका में उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 है, जबकि उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार उन्होंने अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, रसड़ा से 1972 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है जिसमें उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1953 है। बाद में राधामोहन संस्कृत महा-विद्यालय, बैरिया से पूर्व मध्यमा की परीक्षा 1975 में पास की है। यहां उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 है। इस प्रकार अलग-अलग विद्यालयों से जन्मतिथि में परिवर्तन कर-के उनके द्वारा परीक्षा दी गयी है। बीएसए के अनुसार उत्तर प्रदेश सेवा में भर्ती नियमावली 1974 में उल्लिखित है कि सरकारी सेवक



की जन्मतिथि हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में अभिलिखित हो मानी जाएगी। ब्रजनाथ राम ने हाईस्कूल की परीक्षा अमर शहीद भगत सिंह इका, रसड़ा से 1972 में उत्तीर्ण कर ली थी और इस तथ्य को छिपाकर 1975 में राधामोहन संस्कृत महाविद्यालय बैरिया से जन्मतिथि परिवर्तित करके पूर्व मध्यमा परीक्षा पास की। यदि दो विद्यालयों से एक ही परीक्षा अलग-अलग वर्षों में उत्तीर्ण करने को

**-बीएसए ने की कार्रवाई**
**-जन्मतिथि में उसने किया है सात साल का हेरफेर**
**-बेसिक शिक्षा जूनियर हाईस्कूल में था अध्यापक**
**-कई चरणों की जांच के बाद बीएसए ने की कार्रवाई**
**-एबीएसए एफआईआर दर्ज कराने का हुआ निर्देश**

नजर अंदाज भी कर दिया जाए तो जन्मतिथि में हेरा-फेरी करके परिवर्तन किया जाना नियम विरुद्ध है। ऐसे में स्पष्ट है कि ब्रजनाथ राम तथ्यों को छिपाकर विभाग को धोखा देकर बीटीसी परीक्षा उत्तीर्ण करके गलत तरीके से सेवा में बने हुए हैं। उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा चुका है। अब उनके सेवा में बने रहने का कोई नैतिक एवं विधिक आधार नहीं रह गया है।

# राधाकृष्ण एकेडमी, सवरुबांध में हुआ छात्रवृत्ति वितरण एवं छात्रों के अभिनंदन समारोह

**-सदर तहसील के उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक ने किया अभिनंदन समारोह का शुभारंभ**
**-सीएमडी आदित्य मिश्र और डायरेक्टर अद्वित मिश्र ने मुख्य अतिथि का किया अभिनंदन**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : राधाकृष्ण एकेडमी में प्रत्येक कक्षा के उत्कृष्ट छात्रों हेतु छात्रवृत्ति वितरण एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। उप जिलाधिकारी बलिया प्रशान्त नायक ने बतौर अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के सीएमडी आदित्य मिश्र एवं डायरेक्टर अद्वित मिश्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। इस दौरान बच्चों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति भी की।

कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्य अतिथि ने प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्रों को पुरस्कार और छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में



मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत छात्रों को शुभकामनाएं दीं एवं सभी को आगे बढने और जीवन में शिक्षक एवं शिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सीएमडी आदित्य मिश्र, चेयरपर्सन श्रीमती अनीता मिश्रा, डायरेक्टर अद्वित मिश्र, प्रधानाचार्या नेहा सिंह, उप प्रधानाचार्य जीवेश पाण्डेय, कोआर्डिनेटर रोहित श्रीवास्तव, शालिनी पाठक, समस्त शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा सिंह ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दीं तथा अभिभावकों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विवाहिता ने कमरे में फांसी लगाकर समाप्त की अपनी इहलीला

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पिण्डहरा गाँव में मंगलवार की देर शाम एक विवाहिता ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह ने पहुँच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक प्रीती राजभर पुत्री चुन्नू राजभर निवासी बालूपुर थाना खेजुरी की शादी 16 फरवरी 2022 को सन्नू राजभर पुत्र बिरेंद्र राजभर निवासी पिण्डहरा के साथ हुई थी। प्रीती ने मंगलवार की देर शाम किसी बात को लेकर कमरे का दरवाजा बन्द कर बॉस के धरन में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी जैसे ही घर वालो को हुई तो इसकी सूचना बांसडीह पुलिस सहित मायके वालों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। मृतका का पति बाहर में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है।

# एक से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**-17 से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान**
***-जिलाधिकारी की अध्यक्षता में द्वितीय जिला टास्क फोर्स की बैठक***
***-संचारी रोगों के साथ ही क्षय रोग के लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान पर भी रहेगा जोर***

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जिले में बुखार के साथ ही खांसी और सांस लेने तकलीफ, दिमागी बुखार वाले मरीजों की पहचान और दिमागी बुखार पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण माह और 17 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाएगा।

इसको लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को द्वितीय जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें हर विभाग का सहयोग अति महत्वपूर्ण है। इस अभियान को सफल बनाने में हर विभाग अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे संचारी रोगों पर नियंत्रण पाया जा सके। नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि इस अभियान में संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आदि के साथ ही क्षय रोग के लक्षण युक्त मरीजों को भी चिन्हित करने पर जोर रहेगा।

नोडल अधिकारी ने बताया कि 17 से 30 अप्रैल तक संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलने वाले दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्त्ता और आगंनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, चिकनगुनिया, जेई, एईएस, आईएलआई, हीट वेव से बचाव आदि संचारी रोगों के प्रति जागरूक करेंगी। इसके साथ ही मौसम विभाग ने इस वर्ष तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान व्यक्त किया है साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी आशा कार्यकर्ता दस्तक अभियान में जागरूक करेगी। बुखार के रोगियों की सूची,आईएलआई( इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस) रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो सूची तैयार कर एएनएम को उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार कर ली गई है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांग जन कल्याण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग सहित अन्य विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अक्टूबर से 31अक्टूबर तक चलाया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयन्त कुमार एवं संबंधित विभाग के अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# औद्योगिक संस्थानों के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम पराग डेयरी में

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा उत्प्रेरित एवं प्रायोजित औद्योगिक संस्थानो के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम पराग डेयरी, जीराबस्ती में जिला विज्ञान क्लब बलिया द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के डैफोडिल इंटरनेशनल स्कूल बसंतपुर, भरौली इंटर कॉलेज, सहजानन्द स्कूल भरौली, डीएसईटी पब्लिक स्कूल, केडी कॉन्वेंट स्कूल गड़वार, सेवा सदन स्कूल कथरिया, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल,काजीपुरा, होली पाथ कॉन्वेंट स्कूल सिंहपुर, लिटिल जीनियस स्कूल उमरगंज, सनबीम स्कूल अगरसंडा सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख समाजसेवी अरुण कुमार सिंह



ने भ्रमण कार्यक्रम का सुभारम्भ किया, इस दौरान पराग डेयरी के प्रभारी माता प्रसाद ने विभिन्न इलाकों में ले जाकर प्लांट की गतिविधियों से अवगत कराया, साथ ही पराग डेयरी प्रयोगशाला सहायक राजीव कुमार श्रीवास्तव ने दूध की जाँच करने की विधि को समझाया। जिला विज्ञान क्लब के सह समन्वयक सुधीर कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम का संचालन किया। श्री सिंह ने उपस्थित सभी स्कूलों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आयोजित हुई प्री ट्रायल बैठक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को प्री ट्रायल बैठक आयोजित हुई।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र पाल राणा के संचालन में आयोजित बैठक में समस्त अपर जनपद न्यायाधीश एवं फाइनेन्स कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ प्री-ट्रायल बैठक, विशेष लोक अदालत 15 अप्रैल को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी।

उक्त बैठक में 15 अप्रैल को आयोजित आगामी विशेष लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। जितेन्द्र कुमार पाण्डेय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी विशेष लोक अदालत को अपने न्यायालय में लम्बित आर्बिट्रेशन संबंधित मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करें, तथा उक्त बैठक में उपस्थित फाइनेन्स कम्पनी के अधिवक्तागण को निर्देशित किया गया कि आपकी कम्पनी से सम्बन्धित आर्बिट्रेशन एवं कन्सीलिएशन एक्ट के तहत न्यायालयों में लम्बित अधिक से अधिक निष्पादन वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र पाल राणा द्वारा जनसामान्य से यह आवाहन किया गया कि आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित अपने मामलों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वाधान में 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में लगवाकर सुलह-समझौता द्वारा निस्तारण करायें तथा इस सस्ते, सुलभ न्यायिक प्रक्रिया का लाभ उठायें व लाभान्वित होवें। उक्त बैठक में न्यायिक अधिकारी हुसैन अहमद अंसारी, श्रीमती मनीषा, महेश चन्द्र वर्मा, गोविन्द मोहन, ओमकार शुक्ला, ओम प्रकाश, अरूण कुमार-तृतीय, विनोद कुमार, हरीश चन्द्र, सुरेन्द्र प्रसाद के साथ अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह एवं गीतेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

# अंजली तोमर के टीएलएम को जिलाधिकारी की मिली प्रशंसा

**-हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम**
**-प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर में सहायक अध्यापक हैं अंजली तोमर**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण



बलिया : गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें जनपद के सभी शिक्षा क्षेत्रों के शिक्षकों ने टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई।

इस प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक शिक्षकों अपना टीएलएम लगाया। सभी स्टालों पर जिलाधिकारी ने धूम धूम कर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर के टीएलएम को देखकर वहाँ की शिक्षिका अंजली तोमर से पूछा कि ये आप स्वयं बनाई हो क्या इसका प्रयोग विद्यालय पर बच्चों के करती हो। शिक्षिका जबाब सुनकर जिलाधिकारी ने सराहना करते हुए कहा कि आप ऐसे कार्य करती रहे साथ ही प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव से कहे कि आप अपने स्कूल के इस वातावरण को हमेशा बनाये रखिये ये आपकीं जिम्मेदारी है।

# चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में हुख देवी जागरण

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : कस्बे के प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में चैत नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार की रात देवी जागरण का आयोजन किया गया।

जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में न सिर्फ चार चांद लगा दिया बल्कि श्रोताओं को आधी रात तक भक्ति के सागर में डूबने पर मजबुर कर दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मन्दिर के व्यवस्थापक एवं आयोजक पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश द्वारा कलाकारों को चुनरी से सम्मानित किया गया। इसके बाद गायक राहुल ठाकुर विक्की ने देवी गीत जवना वने आहो मईया से कार्यक्रम को गति दिया। इसके बाद राहुल ने निमिया के डढिया कमजोर, विश्वास कर तू मईया पे पार लगईहे नईया के, माइया मेरी दुनिया है तेरे आंचल में, निमिया के डाढ़ मईया लावेली झुलुहवा, बलिया चले के ब्रम्हाइन माई बाड़ी गाकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबुर कर दिया। इसके बाद नवीन सिंह ने मां आपके कृपा से सब काम हो रहा है, मनीषा मोहिनी ने कवन गुन अढ़ हुलवा में मईया, कान्हा बरसाने में आ जईयों तथा शिक्षक व गायक रानू विमल बाड़ी शेर पर सवार रूपवा मनवा मोहत बा सुनाकर आधी रात तक भक्ति का शमा बांधे रखा। श्रोता भी कलाकारों का साथ देते हुए भारी संख्या में जमे रहे। इससे पूर्व



माता को मिष्ठान व फल भोग लगाया गया। इस दौरान पूरे मन्दिर को विविध प्रकार की झालरों से सजाया गया था। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविंद नारायण सिंह, राकेश सिंह, अभय प्रकाश, प्रतीक प्रकाश, मनोज कुमार गुप्ता, पुजारी मुन्ना पांडेय, राकेश लाल, भोला कन्नौजिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अंग्रेजी देशी शराब और बीयर की दुकान में हुई चोरी

शंकर सिंह, समाज जागरण

लक्ष्मणपुर (बलिया) : नरही थाना क्षेत्र के पिपरा कला में स्थित अंग्रेजी शराब, देशी शराब और बीयर की दुकान में चोरों ने हांथ साफ कर दिया। एफआईआर के अनुसार 7 केन बीयर, 5 पेटी देशी शराब और 5 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ साथ सीसीटीवी का डीवीआर पीओएस मशीन भी उठा ले गए।

विदित हो कि लक्ष्मणपुर चौराहे से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर पिपरा कला मौजे में एक ही साथ अंग्रेजी, देशी शराब और बीयर की दुकान स्थित है। विगत रात तीनों दुकानों के सेल्समैन ने रात्रि 10 बजे अपनी अपनी दुकानें बंद कर सोने चले गए। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो बीयर और देशी की दुकानों का ताला टूटा मिला और अंग्रेजी शराब की दुकान का टीन शेड उखड़ा मिला। जब अंदर पहुंचे तो बीयर की दुकान से 7 केन बीयर, देशी शराब की दुकान से 5 पेटी देशी शराब और अंग्रेजी शराब की दुकान से 5 पेटी अंग्रेजी शराब गायब मिला। साथ ही सीसीटीवी का डीवीआर बिक्री करने वाली पीओएस मशीन भी उठा ले गए। इसकी सूचना तुरंत दुकान के अनुज्ञापियों को दी। देशी शराब के अनुज्ञापी अनिल सिंह,अंग्रेजी शराब के अनुज्ञापी रविंद्र सिंह और बीयर के अनुज्ञापि राममूरत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में सरगर्मी बढ़ा दी है। लगे सड़क सीसीटीवी होने के बावजूद हुई चोरी से पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। थानाध्यक्ष पन्नेलाल ने बताया की चोरी का मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। चोरों की तलाश में टीमें लगा दी गई है। अतिशीघ्र मामले का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तेजस जायसवाल ने 88.7 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय व परिवार का नाम किया रोशन

## प्रधानाचार्य व डायरेक्टर ने मेडल पहना कर किया उज्ज्वल भविष्य की कामना

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण

जौनपुर। नगर के मैहर देवी मन्दिर के बगल में संचालित हरिहर पब्लिक स्कूल उमरपुर का पर-ीक्षाफल घोषित हो गया जिसमें प्रत्येक कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को विशेष सम्मान से नवाजा गया।

इसी क्रम में नगर के मोहल्ला नखास निवासी तेजस जायसवाल ने अपने कक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त करके परिवार का नाम रोशन कर दिया। कक्षा 3 के छात्र तेजस ने बताया कि वह 88.7 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने कक्षा में तीसरा स्थान पाया



है। वहीं सौम्य तिवारी ने 91.87 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम एवं नमन चौरसिया ने 91.3 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय आया है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. वन्दना सिंह ने तेजस को गाउन पहनाते हुये मूल अंक पत्र के साथ प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में विद्यालय के डायरेक्टर पवन प्रकाश सिंह ने तेजस के उज्वल भविष्य की कामना किया।

उक्त अवसर पर तेजस की क्लास टीचर श्रुति आर्या के अलावा स्वाती सिंह, आकांक्षा सेठ, भारती सिंह, श्वेता सिंह, वन्दना श्रीवास्तव, छाया सिंह, गिरिजेश उपाध्याय, हर्ष शर्मा, अंजना जी, अतुल जी, शिवम जी, कृष्णदेव जी सहित तमाम शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्टापकर्मी आदि उपस्थित रहे।

# मां कष्टहरणी दरबार में लगा श्रद्धालुओं का तांता

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर स्थित मां कष्टहरणी धाम में नवरात्र में इस समय दर्शनार्थियों का तांता लगा है। दर्शनार्थी भोर से ही मां के धाम में पहुंचने लगते हैं।इस धाम में दर्शन करने के लिए श्रद्धालु जनपद ही नहीं अन्य जनपद से भी आते हैं।मां के धाम में नवरात्र में अखण्ड दीपक जलाने की पुरानी परंपरा है।यहां अपनी मन्नत पूरी करने के लिए श्रद्धालु भक्त मां के धाम में अखण्ड दीपक जलाते हैं। दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव के देखरेख में स्थानीय पुलिस कर्मी महिला पुलिस कर्मी समेत पी ए सी के जवान दिन रात लगे हैं।डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के डायरेक्टर हिमांशु राय, भाजपा नेता विरेन्द्र राय, प्रमोद राय, ओमप्रकाश गिरी, आनंद कुमार त्रिपाठी,गोपाल सिंह यादव ने भी मां कष्टहरणी धाम में पहुंच कर मां का दर्शन पूजन किया।पूजन का कार्य पुजारी




राजकुमार पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया गया। सुनील राय के द्वारा समय समय पर दर्शनार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रसारित किया जाता है। करीमुद्दीनपुर निवासी डाक्टर सोनू वर्मा के द्वारा प्रत्येक नवरात्र में रात्रि-ाकालीन आरती के पश्चात उपस्थित दर्शनार्थियों को निःशुल्क जांच परामर्श एवं दवा का वितरण किया जाता है। मंदिर की व्यवस्था में ओंकार नाथ राय व्यवस्थापक, महेश्वर पाण्डेय,बृहद राय, देवेन्द्र राय,किशुनदेव उपाध्याय समेत अन्य लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# सम्राट अशोक महान की सोच विज्ञान पर आधारित : संजय मौर्य

## जौनपुर में अशोक महान की 2327वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई गयी

**प्रियदर्शी अशोक मिशन ने जरूरतमन्दों को साड़ी बांट सम्राट के पदचिन्हों पर चलने का किया आह्वाहन**

<u>दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण</u>

जौनपुर। सम्राट अशोक महान ने अपने शासन काल में लोगों में वैज्ञानिक सोच जागृत किया। अशोक काल में नालंदा, तक्षशिला जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय थे। पूरे विश्व से लोग भारत में शिक्षा ग्रहण करने आते थे जिसके चलते भारत को विश्व गुरु कहा जाता था। उक्त बातें संजय मौर्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियदर्शी अशोक मिशन एवं मौर्य बंधुत्व क्लब ने जिला शाक्य मौर्य सोसायटी के तत्वावधान में सम्राट अशोक भवन लखनपुर में आयोजित सम्राट अशोक महान की 2327वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्य कही।

इसके पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवकाशप्राप्त प्रवक्ता इण्टर कालेज एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजयदत्त मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जहां मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र मौर्य विधायक प्रतापगढ़ एवं विशिष्ट अतिथियों में मौर्य बंधुत्व क्लब के संस्थापक राम सजीवन मौर्य, मौर्य बंधुत्व क्लब के अध्यक्ष राम अचल मौर्य, प्रयागराज के पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्य, आईएफएस विष्णुकांत कुशवाहा रहे।

इस मौके पर राकेश मौर्य बदलापुरी सहित उनके साथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जहां अतिथि सत्कार राम सकल मौर्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कोषाध्यक्ष मौर्य शाक्य सभा किया। साथ ही मौर्य शाक्य सभा के अध्यक्ष प्रेमचन्द मौर्य ने सैकड़ों जरूरमतमन्द महिलाओं को साड़ी दिया।

इसी क्रम में सम्राट अशोक कालीन की शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुये मंचासीन वक्ताओं ने सम्राट अशोक के



पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया। साथ ही कहा कि आज हमारा अस्तित्व उनके बल पर ही जिन्दा है। मंच का संचालन शाक्य मौर्य सोसायटी के प्रवक्ता कमलाकान्त मौर्य ने किया।

समारोह में आये अतिथियों का स्वागत जिला शाक्य मौर्य सोसायटी के जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मौर्य, महामंत्री कैलाश नाथ मौर्य, संगठन मंत्री दिनेश चन्द्र मौर्य, मीडिया प्रभारी पंकज मौर्य, नगर अध्यक्ष रमेश चन्द्र मौर्य, उपाध्यक्ष हीरा लाल मौर्य, कार्यालय प्रभारी प्रमोद मौर्य, कार्यक्रम प्रभारी/युवा जिलाध्यक्ष शाक्य मौर्य सोसायटी प्रदीप मौर्य ने किया।

इस अवसर पर मौर्य शाक्य सोसायटी की सहयोगी संस्था प्रियदर्शी अशोक मिशन के ज्ञान प्रकाश मौर्य, सम्राट सेना के अध्यक्ष जितेन्द्र मौर्य, लाल बहादुर मौर्य, रमेश मौर्य, अनिल मौर्य सहित तमाम गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अन्त में मौर्य शाक्य सभा के अध्यक्ष प्रेमचन्द मौर्य ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मस्जिदों के ध्वनि विस्तारक यंत्रों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का किया विरोध

## हिन्दू जागरण मंच ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

<u>संवाददाता समाज जागरण</u>

जौनपुर। नगर के बदलापुर पड़ाव से लेकर तारापुर, कटघरा तक कई मस्जिदें हैं जिनमें पिछले एक सप्ताह से ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से अजान फिर से चालू हो गया है जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। कोई कार्यवाही न होने पर बुधवार को जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया जिस पर उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया। उक्त बातें हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक प्रीतम सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर लौटते समय पत्रकारों से कही। श्री सिंह ने बताया कि ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से मस्जिदों से अजान फिर से चालू हो गया है। इसको लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गयी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस्को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांगिक संगठन हिन्दू जागरण मंच की ओर से बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर विमल, सत्येंद्र, प्रभाकर, उपदेश, अंकित, आनन्द, मुकेश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# वीआईपी कालोनी में गन्दगी का अम्बार

***इसे सफाई के प्रति लोगों की उदासीनता या पालिकाकर्मियों की लापरवाही कही जाय***

जौनपुर। जहां एक ओर शासन के आदेश पर जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिष्द्द द्वारा जगह–जगह अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाया जा रहा है, वहीं नगर के वीआईपी कालोनियों में से एक हुसेनाबाद कालोनी में गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है। कालोनी में आये दिन कूड़ा के ढेर लगने से नाली जाम हो जा रही है जिसके चलते नालियों का गन्दा पानी सड़कों पर बहने लगता है। ऐसे में आस–पास के सटे घर के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान जैसे महत्वपूर्ण एवं पवित्र सोच के विपरीत इस दृश्य से कहा जा सकता है कि इसमें या नगर पालिका की लापरवाही है या लोगों की सोच जिससे यह माहौल बना हुआ है। क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद का ध्यान आकृष्ठ कराते हुये इस समस्या का समाधान करने की मांग किया है।

# 1 अप्रैल को निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर

जौनपुर। उषा-भानु फाउण्डेशन द्वारा समाजसेवी भानु प्रताप सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर 1 अप्रैल दिन शनिवार को जफराबाद बाजार के नासही मोहल्ले में (मस्जिद के सामने जुम्मन शेख के मकान में) दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक लगेगा। समस्त क्षेत्रवासी उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में समय से पहुंचकर लाभ उठायें। इस आशय की जानकारी फाउंडेशन के सचिव/प्रबंधक डा. सत्येन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# वीडियो फुटेज के बाद भी मंगला भवानी मंदिर में चेन छिनने वाली महिला पर नहीं हुआ एफआईआर

<u>विवेक राय, समाज जागरण नरहीं (बलिया)</u> : प्रसिद्ध मां मंगला भवानी मंदिर में महिला के गले से सोने की चैन खिंचने वाली महिला का सीसीटीवी कैमरा में कैद विडियो फुटेज के बावजूद भी पुलिस ने महिनों बाद भी न एफआईआर दर्ज किया और न महिला को पकड़ पाई है।

थाना क्षेत्र के बैरिया गांव निवासी वरूण राय 24 फरवरी 2023 को मुंडन संस्कार में उजियार घाट मुंडन संस्कार के बाद प्रसिद्ध मां मंगला भवानी मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए गए मंदिर में इनकी बहन शर्मिला राय के गले से एक महिला ने चैन गायब कर दिया। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा में चैन खिंचने की तस्वीर कैद हो गई। बाद में सीसीटीवी फुटेज में चैन खिंचते हुए महिला दिखाई दी जिसकी तहरीर पीड़ित ने पुलिस को दिया लेकिन पुलिस टाल मटोल करती रही। पीड़ित आज भी पुलिस से गुहार लगा रहा है लेकिन पुलिस हीला हवाली कर रही है।

# टॉप- टेन अपराधी मो. इमरान राइन को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

<u>संवाददाता समाज जागरण</u>

मड़ियाहूं, जौनपुर। टॉप टेन अपराधी मो0 इमरान राईन को मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार और भेजा जेल।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिन बुधवार 23 मार्च को पुलिस ने टॉप टेन अपराधी मोहम्मद इमरान राईन को 1 किलो 400 ग्राम गाँजा के साथ गिरफ्तार किया। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत क्रम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह के नेतृत्व में दिनांक 29 मार्च दिन बुधवार को स्थानीय पुलिस टीम मुखबिर खास की सूचना पर जमलिया मोड़ के निकट से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम मो0 इमरान राईन पुत्र गुलाम सरवर नि0 भण्डरिया टोला थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर बताया। जामा तलासी ली गयी तो उसके पास से 1 किलो 400 ग्राम गाँजा बरामद हुआ। जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मड़ियाहूं प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने जानकारी मांगने पर बताया की उक्त अपराधी मड़ियाहूं थाने में टॉप टेन श्रेणी का अपराधी है और इसके विरुद्ध दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

पूर्व में सन् 2003 में उक्त इमरान का गुंडा एक्ट में ई चालान हो चुका है इसी के साथ 2009 में गुंडा एक्ट में भी चालान हो चुका है। उसके गिरफ्तारी का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह स्वयं कर रहे थे साथ में पुलिस बल के जवान उ.नि. बृज कुमार मिश्रा,हे0का0 हरिमोहन, का0 हरिकेश भाष्कर, का0 प्रिंस कुमार उपाध्याय, का0 भानू प्रताप यादव साथ रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय में सरजू प्रसाद संस्थान ने किया विविध कार्यक्रम

<u>दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण</u>

बरसठी, जौनपुर। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के समापन पखवारा के अन्तर्गत प्रशिक्षण, जागरूकता, नव प्रवेश छात्राओं का कम्पोजिट विद्यालय आदमपुर और सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित हुआ। नवरात्रि के पावन पर्व पर नये छात्रों को प्रवेश व पुराने छात्रों की विदाई समारोह भी आयोजित हुई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पांडेय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से संबंधित सरकार ने बहुत सी योजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं। खास तौर से ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता विकास, पेंशन, आजीविका मिशन, मिशन शक्ति सुरक्षा संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्रशिक्षक सोधई राम यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण ग्रामीण महिला की रोजगार स्वालम्बन एवं आत्मनिर्भरता हेतु संस्था क्षेत्र में पंजादरी कसीदाकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन वर्कशॉप और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन कर रोजगार व स्वरोजगार कौशल विकास उद्यमिता विकास आजीविका एवं रोजगार से जोड़ा जा रहा है। विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी बरसठी रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसके बाद प्रमोद प्रजापति, होरी लाल यादव, जवाहर लाल यादव, ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव, एआरपी सन्त लाल, राजेश गिरी, विनोद यादव, कंचन, नीलम, शालिनी, नीलम सिंह, संदीप सिंह, मनोज राय, त्रिभुवन राम, राम सजीवन यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापक सुभाष सरोज ने कहा कि विद्यालय का चयन कायाकल्प के अंतर्गत हुआ है जो क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन संजय उपाध्याय ने किया।




# नवमी तिथि मधुमास पुनिता, सुकल पच्छ अभिजीत हरप्रिता........

<u>संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण</u>

नगरा (बलिया) : त्रेतायुग के महानायक पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने समय में धरती पर जिस मयार्दा और विचार का सूत्रपात किया था, वह आज भी प्रासंगिक और प्रेरक है। हिंदू समाज में हमेशा से ही पुरुष को राम और नारी को सीता जैसे गुण सम्पन्न बनने, उनके आदर्शो पर चलने की संज्ञा दी जाती है। भगवान राम के लिए कुछ भी असम्भव नही था। वे स्वयं ब्रम्ह थे, बावजूद इसके उन्होंने एक मयार्दा में रहते हुए अपने कर्तव्यों का निष्पादन किया। रामनवमी का पवित्र पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा।

नवमी तिथि मधुमास पुनिता, सुकल पच्छ अभिजीत हरप्रिता। मध्य दिवस अति शीत न घामा, पावन काल लोक विश्रामा। गोस्वामी तुलसी दास जी ने रामचरित मानस में भगवान राम के जन्म के समय का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया है। मधुमास यानि चैत मास के शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को मध्य दिवस यानि दोपहर में भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म अयोध्या चक्रवर्ती नरेश महाराज दशरथ के घर में महारानी कौशल्या के गर्भ से हुआ। जिस समय भगवान राम ने जन्म लिया,उस समय अयोध्या का माहौल काफी खुशनुमा हो गया था। मानव तो मानव देवता भी भगवान राम के नर रूप का दर्शन करने के लिए लालायित थे।गोस्वामी तुलसी दास जी ने




रामचरित मानस में श्रीराम के जन्म का वर्णन करते हुए लिखा है कि भए प्रकट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी,मुनिमन हारी, अद्भुत रूप निहारी........भारतीय जनमानस के जेहन में भगवान श्रीराम की तस्वीर एक आराध्य देवता के रूप में अंकित है क्योकि बलशालियो में राम सबसे अधिक बलशाली है लेकिन राम का नाम राम जी से भी बढ़कर है। हनुमान,सुग्रीव,लक्ष्मण,कबीर, तूलसी, गांधी तक राम का ही नाम जपते है। रामनाम की महिमा ऐसी है कि इसको जपने मात्र से मनुष्य के समस्त पाप धूल जाते है। लोगो को मानसिक शांति प्राप्त होती है। इसलिए हर कोई अपने आराध्य के रूप में उनकी पूजा करता है तथा उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करता है। माता पिता की आज्ञा को सिर झुकाकर स्वीकार करना राम का सबसे बड़ा गुण है। जो आज के वातावरण में बिल्कुल असम्भव है। भगवान राम की जन्मतिथि रामनवमी घर घर में काफी उल्लास,श्रद्धा एवं पवित्रता के साथ मनाई जाती है। अधिकांश लोग रामनवमी के दिन व्रत रहते है तथा विधि विधान के साथ भगवान का पूजन अर्चन करने के बाद ही अल्पाहार ग्रहण करते है। इस बार 30 मार्च दिन गुरुवार को रामनवमी का पुनीत पर्व पुरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भगवान का जन्म मध्याह्नव्यापिनी नवमी तिथि में मनाया जाता है। गुरुवार को मध्याह्न में नवमी तिथि मिल रही है। इस पावन मौके पर तमाम श्रद्धालुओ द्वारा रामचरित मानस के पाठ के आलावा धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है। रामनवमी एक ऐसा पुनित पर्व है, जिस दिन हर कोई राम में रम जाना चाहता है। यूँ कहिए कि पूरा माहौल ही राममय हो जाता है।

# नवागत उपजिलाधिकारी कार्यभार संभालने के बाद दुर्गा मंदिर पहुंच किया दर्शन पूजन

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : नवागत उपजिलाधिकारी दीपशिखा सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद स्थानीय दुर्गा मैदान स्थित दुर्गा मंदिर में स्थित मां दुर्गा के मन्दिर में दर्शन पूजन अर्चन किया। यह नगर के इतिहास में पहला अवसर है जब नवरात्र के अंतिम दिन किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इस मन्दिर में पूजन अर्चन किया हो।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने पर्वों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ये इस लिए मनाए जाते हैं कि लोगों की आस्था प्रबल हो उनके मन को शांति मिले। पूर्व विधायक संजय यादव ने बताया कि प्रदेश के तेजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धर्मों के प्रति अपार आस्था है। पूर्ववर्ती किसी भी सरकार ने अब तक नगर पंचयतों में ऐसी व्यवस्था नहीं की थी। मात्र योगी जी के आदेश से नगर पंचयतों में पहली बार यह व्यवस्था की गई है। जिससे कि यहां के श्रद्धालु नजदीक में ही मां दुर्गा का पूजन अर्चन कर अपनी आस्था को प्रगाढ़ और मन को शांत कर सकें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शैलेश कुमार, पूर्व चेयरमैन रविन्द्र वर्मा, प्रयाग चौहान, संजय जायसवाल विनीत पाण्डेय बिट्ठू, आकाश तिवारी अंजनी यादव ज्ञानप्रकाश आदि मौजूद रहे।



# अष्टमी तिथि को मां महागौरी भक्तों ने किया दर्शन पूजन

## –अष्टमी का रखा व्रत, शाम को कलश स्थापना कर किया जागरण

बलिया : बासंतिक नवरात्र के अष्टमी तिथि बुधवार को जिले के प्रमुख मंदिरों में भक्तों ने मां महागौरी का दर्शन-पूजन किया। इसके साथ ही नारियल, चुनरी, धूप, गुड़हल चढ़ाकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान मां के जयकारे एवं घंट-घडियाल से मंदिर परिसर सहित पूरा क्षेत्र के देवीमय हो गया। श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए मंदिर के पट चार बजे भोर से ही खोल दिए गए थे। इसके अलावा लोग मंदिरों के अंदर व अपने-अपने घरों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया।मंदिरों के आसपास नारियल, चुनरी, फूल-माला व प्रसाद के साथ ही छोला, चाट, समोसा, जलेबी, खेल-खिलौने व सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें सजी हुई थी, जहां श्रद्धालुओं ने खरीददारी की।नगर के गुदरी बाजार, जापलिनगंज दुर्गा मंदिर तथा ब्रह्माइन स्थित ब्राह्मणी देवी, शंकरपुर स्थित शांकरी भवानी, फेफना थाना के कपूरी गांव स्थित कपिलेश्वरी भवानी मंदिर में मां के भक्तों ने नारियल, चुनरी, प्रसाद चढ़ाकर परिवार के मंगलमय की कामना की। उधर, ग्रामीण क्षेत्रों में नरहीं थाना के कोरंटाडीह स्थित मंगला भवानी, रसड़ा के काली मंदिर, नीबू कबीरपुर व उचेड़ा स्थित चंडी भवानी, सिकंदरपुर के जल्पा-कल्पा मंदिर, मनियर के बुढ़ऊ बाबा मंदिर व नवका बाबा मंदिर, रेवती के पचरूखा



देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही लग गई। इस दौरान भक्तों ने स्वयं कतारवद्ध होकर दर्शन पूजन किया और जयकारे लगाए। जिससे मंदिर सहित आसपास का क्षेत्र के देवीमय हो गया। वही मां के भक्तो ने अष्टमी व्रत रखा और शाम को कलश स्थापना कर महिलाएं रात में जागरण करेंगी।

**नवरात्रि में कन्याओं का पूजन का विशेष है महत्व**

बलिया। शारदीय या बासंतिक नवरात्रि में नवमी को हवन तथा कन्याओं के पूजन का विशेष महत्व होता है। इसके बिना व्रत का संकल्प पूर्ण नहीं माना जाता है। जो भक्त कुवारी कन्याओं को अन्न, वस्त्र तथा जल अर्पण करते है, उसका अन्न मेरू के समान और जल समुद्र के सदृश्य अक्षुण्ण तथा अन्नत होता है। कुवारी कन्याओं को वस्त्र अर्पित कर भक्तगण करोड़ों वर्षो तक शिवलोकों में पूजे जाते है तथा पूजा का उपकरण देने पर स्वयं देवगण पुत्र रूप में प्राप्त होते है। यह बाते मिड्ढा निवासी पंडित पवन कुमार पांडेय ने विज्ञप्ति जारी कर कही। बताया कि मां दुर्गा की पूजा अनेकों विधानों से की जाती है। पूजा में जिन सामग्रियों का प्रयोग होता है, उन्हें उपचार की संज्ञा दी जाती है। साधारणतया इनकी संख्या 16 होती है। भगवती की कृपा प्राप्त कर साधक की आध्यात्मिक उन्नति होती है। कुवारी कन्याओं के पूजन में जातिभेद का विचार वर्जित है। जहां पर कन्याओं का पूजन होता है, वह स्थान चार-पांच कोस तक पवित्र हो जाता है।

# माता रानी के दरबार में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

<u>विवेक राय, समाज जागरण</u>

नरहीं (बलिया) : वासंतिक नवरात्र के अष्टमी के दिन इलाके में माता के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ रही। मां मंगला भवानी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही वहीं कोरंटाडीह में स्थित गंगा तट पर आदि शक्ति मां दुर्गा मंदिर पर अष्टमी के दिन धार्मिक अनुष्ठान में माता के भक्तों ने मां दुर्गा मंदिर में मत्था टेका। व्यवस्थापक अजीत कुमार राय ने पूरे नवरात्र तक मंदिर में अनुष्ठान कराया वहीं सुरही गांव में स्थित नव दुर्गा मंदिर पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा नरहीं गांव में स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर पर भी धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है।



# योग ही स्वस्थ एवं सुखमय जीवन का आधार

कुंडा,प्रतापगढ़।विकास खण्ड बिहार क्षेत्र के बीएन सिंह स्मारक महाविद्यालय पुवासी बदली का पुरवा प्रतापगढ़ के राष्ट्रीय योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में योग शिक्षक श्री अमित सिंह के द्वारा स्वयंसेवियो को योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण कराया गया।इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने योग को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन का आधार बताया।प्रशिक्षण उपरांत शारीरिक शिक्षा आधारित प्रश्नावली अनुसूची की परीक्षा में स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया । इस मौके पर प्रबंधक यशवंत बहादुर सिंह कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह समस्त शिक्षक एवं सभी स्वयंसेवी मौजूद रहे।



# नवरात्रि के अंतिम दिन पूजन अर्चन समारोह

<u>रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण</u>

सिकंदरपुर (बलिया) : दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मां दुर्गा कमेटी के सदस्यों द्वारा चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय यादव विशिष्ट अतिथि एसडीएम सिकंदरपुर दीपशिखा सिंह रहे।

इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व चेयरमैन संजय जयसवाल ने किया। पूर्व चेयरमैन रविंद्र प्रसाद वर्मा विनीत कुमार पांडे, बिट्ठू, अंजनी यादव ओम प्रकाश यादव गुड्डू पांडे रविंदर वर्मा रविंदर वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**– कोपागंज के इंदारा के श्रीदुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मंदिर में आयोजन**
**– कथावाचक ने भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का किया वर्णन**

अनुराग सिंह, दैनिक समाज जागरण



कोपागंज, मऊ : अदरी नगर पंचायत के इंदारा स्टेशन रोड वार्ड नम्बर चार के जन कल्याण श्रीदुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मंदिर के प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य अमित पांडेय ने श्रीकृष्ण विवाह का वर्णन किया। कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर कमेटी की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, भागवत गुप्ता, चंदन गुप्ता, बजरंगी लाल, प्रिंस गुप्ता, राजेश मद्धेशिया, दिलीप जायसवाल, रोशन मद्धेशिया, सिता राम, अनिल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# आरआरएसआईएमटी की छात्रा का टीसीएस में हुआ चयन

## बेहतर कैरियर निर्माण के लिए संस्थान देता है प्लेसमेंट सपोर्ट -निदेशक

### अमेठी की छात्रा का एमएनसी में हुआ चयन टीसीएस में मिला सेलेक्शन, बढ़ाया अमेठी का मान

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी




अमेठी जनपद के राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नालजी (आरआरएसआईएमटी) के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के सातवें सेमेस्टर की छात्रा श्रृष्टि शुक्ला ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस लिमिटेड (टीसीएस) में असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर पद पर चयनित होकर संस्थान और अमेठी का नाम रोशन किया है.

बताते चलें की टीसीएस एक एमएनसी (बहुराष्ट्रीय) सॉफ्टवेर सर्विसेस एवं कंसल्टिंग कंपनी है। यह दुनिया की सबसे बड़ी सूचना तकनीकी तथा बिजनस प्रोसेस आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता कंपनियों में से है। साल 2007 में, इसे एशिया की सबसे बड़ी आईटी कंपनी आँका गया। टीसीएस एशिया की सबसे बड़ी कंपनी समूह में से एक टाटा समूह का एक हिस्सा है।

संस्थान की प्लेसमेंट अधिकारी कीर्ति जैन ने बताया की छात्रा श्रृष्टि शुक्ला अमेठी तहसील के भेटुवा ब्लाक के पुरे शुक्ल गाँव की रहने वाली है. छात्रा श्रृष्टि शुक्ला ने ऑनलाइन माध्यम से टीसीएस में आवेदन किया और विभिन्न राउंड में सफलता अर्जित करने के बाद अंततः असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर पद पर चयनित हुई. प्लेसमेंट अधिकारी कीर्ति जैन ने बताया की संस्थान द्वारा समय-समय पर छात्रों के प्लेसमेंट के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट के साथ ही वर्चुअल माध्यम से प्लेसमेंट संबंधी सपोर्ट प्रदान किया जाता है.

संस्थान के निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने टीसीएस में चयनित छात्रा श्रृष्टि शुक्ला को बधाई देते हुए कहा है की संस्थान द्वारा छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ प्लेसमेंट संबंधी जानकारी और सहायता दी जाती है जिससे उन्हें बेहतर कैरियर निर्माण में सफलता मिल सके. इस उपलब्धि पर संस्थान में हर्ष का माहौल है.

# 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 17 से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान

**– मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान हेतु जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक**
**– मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान से जुड़े विभागों के निर्धारित रोस्टर के अनुसार कार्यो को समय से पूर्ण करने के निर्देश**

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण



मऊ : मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। बताया कि पिछली बैठक के अंतर्गत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ ही जिला कार्यक्रम विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाना है।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बेहतर कार्य योजना तैयार कर इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई हेतु नगर पालिका/नगर पंचायते, पंचायती राज विभाग को विशेष निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर रोगों, जल जनित रोगों तथा गर्म मौसम से संबंधित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका/नगर पंचायतों को क्षेत्रों में नालियों/कचरो की सफाई करवाना, फागिंग, लार्विसाइडल स्प्रे तथा साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सार्वजनिक स्थलों पर संचारी रोग एवं दस्तक रोग से संबंधित पोस्टर लगाने के निर्देश दिए, जिससे लोग जागरूक हो। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान के तहत जो भी नोडल लगाए गए हैं वे माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य कराएंगे जिसकी जानकारी नोडल से प्रतिदिन ली जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संचारी रोग के सफल अभियान के लिए ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों को पत्र जारी कर दें जिससे संबंधितो के द्वारा लापरवाही पर कार्यवाही निर्धारित की जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों में भी दवा छिड़काव एवं फागिंग का कार्य संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत अवश्य कराएं। उन्होंने अन्य विभागों के लिए भी निर्धारित कार्यों को अभियान के दौरान नियमित रूप से करने को कहा। दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित फ्रंटलाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री) द्वारा घर-घर जाकर विभिन्न रोगों के नियंत्रण एवं उपचार की जानकारी प्रदान करने के साथ ही कुपोषित बच्चों तथा विभिन्न रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाना है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने पिछले अभियान के दौरान जिन विकास खंडों में फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया गया है, उन विकास खंडों में फ्रंट लाइन वर्कर्स की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देने को कहा, जिससे दस्तक अभियान को सफल बनाया जा सके।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की डीएम ने की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का सही ढंग से करें क्रियान्वयन........डीएम।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी



अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्री/उपकरण के क्रय करने, स्टाफ की उपलब्धता, जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु 05 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें एवं प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विश्वसनीयता को बढ़ाया जाये। नवजात शिशु टीकाकरण किसी भी चिकित्साधिकारी के क्षेत्र में कम हुआ तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि आशा, एनम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक संयुक्त रूप से आयोजित करें। घर-घर सर्वे के आधार पर बच्चों की सूची तैयार करें इस सूची के आधार पर नवजात शिशुओं का टीकाकरण कराये। उन्होनें कहा कि जिन आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से नही किया जाता हो उनका भुगतान समय सीमा के अन्तर्गत ही कर दिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएससी/पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी, शौचालय, पीने हेतु पानी, सफाई, बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, सीएमएस बीपी अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामप्रसाद, नवीन मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, बीएसए संगीता सिंह सहित सभी एमओआईसी व अन्य संबंधित मौजूद

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति (पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994) की बैठक हुई आयोजित।

## जनपद में संचालित समस्त अल्ट्रासाउंड केंद्रों की टीम बनाकर कराई जाये जांच...... जिलाधिकारी।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी



अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज जिला सलाहकार समिति (पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994) की बैठक हुई आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तर्गत होने वाले कार्यो की गहनता से समीक्षा की गयी। उन्होने कहा कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम का सही ढंग से अनुपालन किया जाय। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में संचालित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों पर भ्रूण परीक्षण किसी भी दशा में न हो, जिसके लिये उन क्षेत्रों को चिन्हित करे जिन क्षेत्रों से अधिक शिकायते मिल रही है व उन क्षेत्रों का समय-समय पर सम्बन्धित अधिकारी औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें ताकि भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोका जा सकें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में संचालित समस्त अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच टीम बनाकर कराई जाय तथा अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जेण्डर रेशियों बढाने के लिये आवश्यक है कि किसी भी दशा में भ्रूण परीक्षण न हो पाये। जिला सलाहकार समिति के सदस्यों से कहा कि क्षेत्र में यदि इस प्रकार का कोई भी तथ्य प्रकाश में आता है तो वे तत्काल उसकी सूचना से मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराये ताकि उनके खिलाफ त्वरित व आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होने सीएमओ को कड़े निर्देश दिये कि अस्पतालो में आने वाले मरीजो को बेहतर ईलाज मुहैया कराया जाय। यदि किसी अस्पताल की कोई भी शिकायत प्राप्त हुई तो जांच कर उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकरण, नवीनीकरण के आवेदन पत्रों को समय पर समिति के सम्मुख रखे ताकि उनका समय पर निस्तारण किया जा सकें। बैठक में आज समिति के सम्मुख 30 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें 09 अल्ट्रासाउड केन्द्र के रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन के मामले रखे गये जिसमें से 05 को स्वीकृति, 04 निरस्त किया गया। इसी क्रम में नवीनीकरण के 02 मामले प्रस्तुत किए गए जिसमें समिति द्वारा 01 स्वीकृत तथा 01 अस्वीकृत किया गया। स्थान/चिकित्सक/मशीन परिवर्तन के 19 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से समिति द्वारा 14 को स्वीकृत व 5 को अस्वीकृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, एसीएमओ डा. रामप्रसाद ,पीसीपीएनडीटी समिति के अन्य सदस्य सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण



रायबरेली आर्थिक अनुसंधान केन्द्र संस्था द्वारा सलोन ब्लाक के उमरी गांव में किया गया जिसमें 40 लोग शामिल हुए । इस प्रशिक्षण में धर्मेन्द्र कुमार द्वारा शिक्षा अधिकार कानून की मुख्य बातों पर प्रकाश डाला जिसमें जिसमें 6 से 14 वर्ष के बच्चों को को निःशुल्क शिक्षा मिलेगी, किसी बच्चे को किसी कक्षा में न तो रोका जायेगा न ही स्कूल से निकाला जायेगा जब तक कि आठवीं की शिक्षा पूरी न कर ले, बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेद भाव नहीं होगा आदि बातों को बताया गया इसके बाद किरन सिंह द्वारा शिक्षा अधिकार कानून में क्या मानक मापदण्ड दिये गये है उस पर जानकारी देने का काम किया तथा प्रतिभागियों द्वारा अपने स्कूल को समझने का अवसर दिया गया इसके अलावा विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य दायित्व व भूमिका को लेकर संजय कुमार द्वारा विस्तार से चर्चा करते हुए बताया । राम बहादुर मौर्य द्वारा अपने किये गये प्रयासों को समिति के सदस्यों के साथ शेयर किया तथा विद्यालय प्रबंध समिति को बनाने की जरूरत क्यों पड़ी उसके बारे में बताया जिससे प्रतिभागियों में उत्साह बना। इसी क्रम में शिकायत निवारण की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया जिसमें स्थानीय प्राधिकारी से बच्चों के अधिकारों के हनन को मांग करें इसके चरणों पर बातचीत हुई। इसके बाद विकास योजना निर्माण पर पर चर्चा हुई जिसमें स्कूल विकास योजना निर्माण कैसे होगा उसको बताया गया स्कूल विकास योजना को बनाने के बाद ग्राम पंचायत को सौंपना तथा उसको ग्राम पंचायत विकास योजना का हिस्सा बने इसके लिए पंचायत को तैयार करना इस पर बातचीत हुई। इसी क्रम में बेहतर विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक कैसे हो इस पर अभ्यास हुआ । अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए प्रशिक्षण का समापन किया गया ।इस प्रशिक्षण में रामावती रघुनाथ रामधनी नीलम शिवप्रसाद बद्री प्रसाद सोनू महिपाल कृष्णावती सावित्री गंगा प्रसाद सुमन सुधा मीना राम बहादुर मौर्य मोहन लाल बन्दना किरन सिंह संजय कुमार शिवांशु धर्मेन्द्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# कार्य मे तेजी लाकर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्माण कार्य को पूरा किये जाने का दिया निर्देश

ओंकार नाथ चौधरी /श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट के पीछे उपनिदेशक कृषि कार्यालय के पास



नव निमार्णाधीन जिला सैनिक` कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया तथा अधूरे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारी को निर्देश दिया।

ज्ञातब्य हो की` जिले के पूर्व सैनिकों के लिए कोई भी स्थाई कार्यालय नहीं था,` अभी तक जूनियर हाई स्कूल` भिनगा के निकट` यह` कार्यालय संचालित` हो रहा है। अब` इस` नए कार्यालय के निर्माण कार्य पूरा हो जाने से निश्चित ही उन्हे और सुविधा` मिलेगी। इस निमार्णाधीन` सैनिक कल्याण कार्यालय में भवन के साथ` साथ विश्राम गृह का` भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है, इससे निश्चित ही` देश की सरहद की रक्षा कर सेवा निवृत्त होने वाले पूर्व सैनिकों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेंद्र कुमार, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग एस के हरित, अवर अभियंता नीरज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# एक लावारिस बालक बरामद

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती देहात चाइल्डलाइन श्रावस्ती के निदेशक दिव्यानी चतुर्वेदी के निर्देशन में संचालित चाइल्डलाइन श्रावस्ती के नम्बर पर पुलिस बाल कल्याण अधिकारी रियाज अंसारी जी ने संपर्क कर अवगत कराया कि थाना मल्हीपुर में एक लावारिस बालक मिला जो अपना काल्पनिक नाम पंकज उर्फ छोटू बता रहा है,चाइल्डलाइन बालक को अपनी सुपुर्दगी में लेकर परिजन तक पहुंचाने में मदद करें, तुरन्त केंद्र समन्वयक हसन फिरोज के निर्देशन में चाइल्डलाइन टीम सदस्य पंकज श्रीवास्तव और मनोज कुमार जी के द्वारा थाना मल्हीपुर में जाकर बालक को संरक्षण में लिया, पूछताछ के दौरान बालक अपना नाम पंकज उर्फ छोटू ,पिता का नाम जोखू, माता का नाम जनका देवी बता रहा है,पता- ग्राम पिपरिया थाना लहरपुर जनपद सीतापुर बता रहा है,तत्काल चाइल्डलाइन टीम द्वारा चाइल्डलाइन सीतापुर में सम्पर्क कर परिजन और पते का सत्यापन कराया गया,जिसपर बालक द्वारा बताया गया पता सही मिला,जिसपर चाइल्डलाइन टीम सदस्य पंकज श्रीवास्तव और हंसराम द्वारा बालक को बाल कल्याण समिति श्रावस्ती के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जिसपर बाल कल्याण समिति ने बालक के दस्तावेजों का सत्यापन करते हुए रात्रि प्रवास और बालक को गृह जनपद सीतापुर में संरक्षित कराने का आदेश दिया।

# पानी समितियो ने ली पानी कों बचाने की जिम्मेदारी

ओंकार नाथ चौधरी बहराइच कैसरगंज -

जल ही जीवन है के दृष्टिकोण के साथ 29 मार्च को टाटा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न गांवों के ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड सभागार कैसरगंज में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक समन्वयक महेश जी के द्वारा सभी का स्वागत कर आज के कार्यक्रम का उद्देश्य बताये हुये किया गया गया। और वर्तमान समय में जल उपलब्धता व समस्या के साथ स्वच्छता के प्रबंधनों के परिवर्तन में तेजी से बदलाव को देखते इसके प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। उसके बाद टाटा ट्रस्ट से ब्लॉक समन्वयक आशाराम ने बतया कि पानी की हमारे जीवन मे क्या भुमिका है इसके बारे में विस्तार से बताया तथा यह भी बताया कि प्राचीन समय से लेकर अब तक पानी ने हमारे जीवन में किस प्रकार परिवर्तन किया है और दिन-प्रतिदिन जल संसाधनों में परिवर्तन हो रहा है। उसके बाद डा. मजहर रसीदी जी के द्वारा पानी समितियों ने जल जीवन मिशन योजना के समुदाय स्तर पर बेहतर संचालन को योजना मॉडल टूल के माध्यम से जाना और यह भी समझा कि कब और कहाँ पर योजना बन्द हो सकती है और हमें स्वच्छ पानी मिलना बन्द हो सकता है। इसके उपरान्त वाटर बजटिंग के बारे मे प्रतिभागीयों को जानकारी दी गयी । इसके वाद पानी समितियों ने संकल्प लिया कि आज के प्रशिक्षण को अपने जीवन में उतारते हुये पूरी पंचायत में इसके प्रति जागरूकता करेंगें और योजना के संचालन को बेहतर बनाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत विभाग से श्री राजेश कुमार चौधरी(सहायक विकास अधिकारी - पंचायत) एवं श्री प्रेम शंकर (सहायक विकास अधिकारी - कृषि) जी उपस्थित रहे। आप लोगों ने बताया कि स्वच्छ पानी का हमारे स्वास्थ्य पर विशेष महत्व होता है। इस लिये हमारी बनती है कि सरकार कि इस योजना कों सफल वनाने मे सहयोग करे । इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पचम्भा , साथा, कैसेहरी बुजुर्ग, सराय कनहर, इटहुवा एवम नकौड़ा आदि के ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति व टाटा ट्रस्ट टीम से सामाजिक प्रेरक ममता मौर्या , सुनील कुमार, अर्जुन, दुर्गेश व हिना मौजूद रही।

# पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव शिव महापुराण सुनने कौडिया पहुंचे साथ मे रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयंत मनहर

समाज जागरण संवाददाता
विवेक देशमुख

मस्तुरी। नवरात्र की सातवें दिन मंगलवार को शैलेश्वर महादेव की नगरी कौडिया सीपत पहुंचे पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव पदाधिकारियों सहित मस्तुरी क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयंत मनहर शामिल हुए 22 मार्च से ग्राम कौडिया में नौ कुंडिय रूद्र महायज्ञ व शिवपुराण का आयोजन चल रहा है ,जहां जाने माने मानस रत्न भगवताचार्य पं. रामलोचन तिवारी के मुखारविंद से हजारों की संख्या में श्रोता शिवमहापुराण का आनंद उठा रहे हैं। इस दौरान मंगलवार को आयोजित शिवमहापुराण कथा को सुनने पहुंचे पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव सहित जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक ,अरपा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण,



मस्तुरी पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, केश शिल्पी बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास,सहित मस्तुरी क्षेत्रीय वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयंत मनहर सहित कांग्रेसजनो ने शिवमहापुराण कथा सुनकर व्यास गद्दी पर विराजमान व्यास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। पर्यटन मंडल अध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा शिवमहापुराण कि कथा का आयोजन जहां होती है वह स्थान तीर्थ बन जाता है।वहां सभी देवी देवता आते हैं ,भक्तों में भक्ति का संचार हो जाता है।शिवमहापुराण श्रवण करने मात्र से सारे पापों का नाश होता है।

सभी कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकताओं ने शिवमहापुराण श्रवण कर कांग्रेसजनो ग्रामीणों से मुलाकात की।

# राज्यपाल श्री हरिचंदन ने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सुसज्जित बिलासपुर जिला अस्पताल के तीन वार्डों का किया लोकार्पण

समाज जागरण संवाददाता
विवेक देशमुख

बिलासपुर । राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन आज बिलासपुर में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी बिलासपुर द्वारा सुसज्जित जिला अस्पताल के तीन वार्ड एचडीयू, चिल्ड्रन वार्ड और एनआरसी का लोकार्पण किया। राज्यपाल श्री हरिचंदन को कलेक्टर सौरभ कुमार ने बिलासपुर जिले का राज्य अंशदान के लगभग 1 लाख 95 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

राज्यपाल ने वर्ष 2023 में सर्वश्रेष्ठ जन औषधि केन्द्र का पुरस्कार मिलने पर जन औषधि केन्द्र सिम्स के कर्मचारियों, टीबी के मरीज को गोद लेने वाले निक्षय मित्रों एवं पांच



स्वैच्छिक रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया। राज्यपाल ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगाए गये स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिला अस्पताल के एचडीयू, चिल्ड्रन वार्ड और एनआरसी वार्ड को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गोद लेकर उन्हें इस प्रकार सुसज्जित किया गया है जिससे वहां इलाज के लिए भर्ती बच्चों को वहां अपने घर के जैसा माहौल मिल सके। सोसायटी द्वारा तीनों वार्ड में ए.सी. और स्मार्ट टीव्ही लगाया गया है। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन. वाजपेयी, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर के अध्यक्ष सौरभ कुमार उपस्थित थे।

# महाष्टमी पर्व पर मॉडल स्कूल बिरसा में कन्या भोज का किया गया आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

Birsa/बालाघाट।( 30मार्च )नवरात्रि के पावन पर्व के महाष्टमी पर शासकीय



मॉडल स्कूल बिरसा में कन्याओं को स्व-सहायता समूह एवं शाला परिवार के द्वारा विशेष भोज कराकर पूजा-अर्चना की गई । जैसा कि सर्वविदित है कि नवरात्र के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कन्याभोज एवं नगरभोज का आयोजन किया जाता है । इसी तारतम्य में संस्था की माध्यमिक स्तर की सभी बालिकाओं एवं बालकों के लिए विशेष भोज का आयोजन कराया गया एवं स्व-सहायता समूह की दीदियों एवं स्टाफ द्वारा कन्या पूजन कर दुर्गा स्वरुप बालिकाओं से आशीर्वाद प्राप्त किया गया । इस कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा संस्था के शिक्षक जयप्रकाश यादव,राजेश कुमार धुर्वे, सतीश कुमार गजभिये, पुष्पेन्द्र कुमार पालके एवं अतिथि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल श्री हरिचंदन हुए शामिल

बिलासपुर । 65 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल से नवाजा, इनमें 36 छात्राएं शामिल,,दो विद्वानों को मानद् उपाधि,,त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का किए विमोचन

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर का चौथा दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर फिजी गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त श्री कमलेश शशि प्रकाश मौजूद थे। समारोह में विश्वविद्यालय के 58 और शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के 7 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं डिग्री से अंलकृत किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा समाज विज्ञान और कला संकाय में योगदान के लिए 2 विद्वानों को मानद् उपाधि से विभूषित किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने गणित एवं अंग्रेजी विषय के 2 शोधकर्ता विद्यार्थी को पहली बार पीएचडी की उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन वाजपेयी, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री हरिचंदन ने स्वर्ण पदक एवं मानद उपाधि प्राप्त सभी विद्यार्थी एवं विद्वानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के सपनों और आशाओं से गढ़ा जाएगा। दीक्षांत समारोह विद्यार्थी और यूनिवर्सिटी के लिए एक यादगार दिन होता है। आपने विश्वविद्यालय में जो शिक्षा अर्जित की है, वो एक बेहतर और प्रगतिशील समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। विद्यार्थियों को सतत अपनी क्षमता और ज्ञान के विकास के लिए प्रयास करते रहना



चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा सरकार ने शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शिक्षा नीति में समावेशी शिक्षा को शामिल किया गया है, जिसमें बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया जा रहा है। आज हम अपनी प्राचीन समृद्ध ज्ञान और परम्परा को भूल गए है। अपनी पुरानी प्रतिष्ठा को फिर से अर्जित करने के लिए शिक्षा व्यवस्था में मानवीय मूल्यों और परम्पराओं को शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में ही मानवीय मूल्यों, परम्पराओं और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है। विद्यार्थी नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते है। मुख्य अतिथि उच्चायुक्त श्री कमलेश शशि प्रकाश ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से आपके जीवन में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि खूब पढ़े इसे अपनी आदत में शामिल कर ले। पढ़ाई से ही आपके सपनों को उंची उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कुलपति श्री ए.डी.एन वाजपेयी ने स्वागत भाषण दिया और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी मानद् उपाधि से इन्हें नवाजा गया फिजी गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त श्री कमलेश शशि प्रकाश को समाज विज्ञान संकाय ने मानद् उपाधि और सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. पुष्पा दीक्षित को कला संकाय में डी. लिट की उपाधि दी गई। विश्वविद्यालय में शोधकर्ता दो विद्यार्थियों को गणित एवं अंग्रेजी विषयों में पहली बार पीएचडी की उपाधि दी गई। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के आगमन पर बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय हेलीपेड पर उनका स्वागत किया गया। श्री हरिचंदन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए शहर पहुंचे। हेलीपेड पर संभागायुक्त डॉ0 संजय अलंग, बिलासपुर आईजी बी.एन.मीणा, कलेक्टर सौरभ कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

# चार माह बाद भी नहीं कानपुर के स्टेट बैंक चोरी कांड का खुलासा : दर्जनों से पूछताछ

सुनील बाजपेई

कानपुर स्थित भौती स्टेट बैंक शाखा में 10 फुट सुरंग खोदकर चोरों ने पार किया था 90 लाख का सोना पुलिस की जांच में डिलीट मिली थी सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग

कानपुर । यहां के बहुचर्चित स्टेट बैंक चोरी मामले में 4 माह बीतने के बाद भी पुलिस को अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है इस बीच उसने लगभग 4 दर्जन लोगों से पूछताछ भी की है लेकिन इसके बाद कोई सार्थक नतीजा नहीं निकला है । मतलब समाचार लिखे जाने तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है '

कुल मिलाकर कानपुर में 10 फुट सुरंग खोदकर एसबीआई की भौंती शाखा के स्ट्रांग रूम से 94 लाख का सोना चुराने शातिर पुलिस की पकड़ से अभी भी बाहर हैं।

इस बीच पुलिस ने तीनों सगे भाइयों को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर चोरी के बारे में उनसे भी गहन पूछताछ कर चुकी है लेकिन अभी तक ऐसा कोई सुराग नहीं मिल पाया जिससे चोरों तक पहुंचा जा सके।

इस बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद पुलिस ने शुरू में 20 लोगों से पूछताछ की थी, लेकिन उन लोगों से भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाया था`

इस मामले में तीन सगे भाइयों से पूछताछ की नौबत तब आई थी ,जब खोजी कुत्ता बैंक से कुछ दूर स्थित एक कच्चे मकान के पास जाकर रुक गया था। पुलिस ने मकान में रहने वाले तीन भाइयों को भी उठाया था। इस बारे में हाल ही में जेल से छूटे अपराधियों का ब्योरा भी एकत्र किया गया। लेकिन इसका भी कोई नतीजा नहीं निकला ।

इस मामले में बैंक की भी कर्मचारियों की मिलीभगत प्रतीत हो रही है जिसकी वजह 13 दिसंबर की पहले की रिकॉर्डिंग का डिलीट किया जाना है` पुलिस इस बारे में भी गहराई से छानबीन कर रही है` इसके लिए पुलिस ने एक पूर्व व दो वर्तमान कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन कभी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। जबकि पुलिस का दावा है कि प्रयास जारी हैं और चोरों को जल्द ही पकड़ा जाएगा।

# कलेक्टर एवं एसपी ने लवादा टोल बेरियर का किया निरीक्षण, दो दिन पहले ग्रामीणों ने किया था आग के हवाले

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 30मार्च )कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक



समीर सौरभ ने 29 मार्च को बालाघाट-सिवनी मार्ग के लवादा टोल बेरियर का मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को देखा। 26 मार्च को लवादा टोल बेरियर पर तोड़-फोड़ की हुई घटना के बाद से यह टोल बेरियर बंद है। इस दौरान उन्होंने टोल बेरियर के संचालक को निर्देशित किया कि वे टोल बेरियर पर रात्रि में दूर तक प्रकाश के लिए लाईट, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के बाद ही टोल बेरियर को प्रारंभ करें। निरीक्षण के दौरान वारासिवनी एसडीएम के सी बोपचे, मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक दीपक आड़े एवं टोल बेरियर का संचालन करने वाली कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्व अधिकारियों को स्थानांतरण पर दी गई बिदाई

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 30मार्च )राज्य शासन द्वारा जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारियों की पदोन्नति के साथ स्थानांतरण किया गया है। स्थानांतरण के फलस्वरूप उन्हें नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने बालाघाट जिले से भारमुक्त किया है।

डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन का विदिशा स्थानांतरण होने पर उन्हें भारमुक्त कर दिया गया है और डिप्टी कलेक्टर बृजेन्द्र कुमार रावत को अपने



कार्यों के साथ-साथ आयुषी जैन को आबंटित शाखाओं का समस्त कार्य प्रभार आगामी आदेश तक के लिए सौंपा गया है। लांजी एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर का छिंदवाड़ा स्थानांतरण होने पर उन्हें लांजी से भारमुक्त कर दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं कटंगी एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर को कलेक्ट्रेट कार्यालय की शाखाओं के साथ-साथ आगामी आदेश तक लांजी के एसडीएम का प्रभार सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल नायक को कटंगी एसडीएम का प्रभार सौंपा गया है।

नायब तहसीलदार किरनापुर सुश्री शोभना ठाकुर का प्रभारी तहसीलदार छिंदवाड़ा स्थानांतरण होने पर उन्हें भार मुक्त कर नायब तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम को अपने कार्य के साथ-साथ किरनापुर तहसीलदार का प्रभार सौंपा गया है। नायब तहसीलदार वारासिवनी राजेन्द्र सिंह टेकाम का प्रभारी तहसीलदार छिंदवाड़ा स्थानांतरण होने पर उन्हें भार मुक्त कर नायब तहसीलदार सुश्री प्रतिभा पटेल को अपने कार्य के साथ-साथ वारासिवनी तहसीलदार का प्रभार सौंपा गया है। नायब तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया का प्रभारी तहसीलदार सागर स्थानांतरण होने पर उन्हें भार मुक्त कर नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार नितिन चौधरी को अपने कार्य के साथ-साथ अधीक्षक भू-अभिलेख का प्रभार सौंपा गया है। शैलेन्द्र राय को बिरसा एवं देवंती परते को तिरोड़ी तहसील का प्रभार नायब तहसीलदार परसवाड़ा भगवानदास कुमरे का डिंडोरी स्थानांतरण होने पर उन्हें भार मुक्त कर नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार बैहर रामप्रसाद मार्को को अपने कार्य के साथ-साथ परसवाड़ा तहसीलदार का प्रभार सौंपा गया है। तहसीलदार कटंगी शैलेन्द्र कुमार राय को तहसील बिरसा में पदस्थ किया गया है। तहसीलदार बिरसा देवंती परते को तहसीलदार तिरोड़ी पदस्थ किया गया है और उन्हें अपने कार्य के साथ-साथ तहसील कटंगी का प्रभार सौंपा गया है। जिले से स्थानांतरित होकर अन्य जिलों में जा रहे राजस्व अधिकारियों को 28 मार्च को बिदाई दी गई। बिदाई कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, बैहर एसडीएम तन्मय वशिष्ट शर्मा एवं राजस्व विभाग के सभी संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार के छात्राओं को कराया गया अटल टिकरिंग लैब का भ्रमण नई नई तकनीकों का मिला ज्ञान

समाज जागरण संवाददाता
विवेक देशमुख

मस्तुरी। जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार बिलासपुर के कक्षा नवमी से बारहवीं की छात्राऐ शिक्षिका श्रीमती सुनीता चौधरी के नेतृत्व में प्रातः 10 बजे डॉ कलाम विज्ञान क्लब, अटल टिंकरिंग लैब स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुदेशीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में आए। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ राघवेन्द्र गौराहा ने सभी का स्वागत किया और इनोवेशन और अनुसंधान हेतु जुनून हर व्यक्तियो में होने की बात कही ।विभिन्न उदाहरणों के द्वारा उन्होंने इस बात को साबित किया की ईमानदारी से किया गया कार्य का फल अगर अभी नहीं तो देर ही सही , पर जरूर मिलता है । छात्राओं ने अटल टिंकरिंग लैब का भ्रमण किया नई नई तकनीकी की जानकारी ली डॉ कलाम विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ धनंजय पाण्डेय ने अपने सेशन को दो भागों में बांटकर अनुसंधान के जरूरी तत्वों से परिचित कराया।आइडिएशन और डिजाइन



थिंकिंग के महत्व और उनकी उपयोगिता को विभिन्न चरणों और उदाहरणों के द्वारा छात्राओ को जानकारी दी ।दूसरे चरण में मैराथन के विषयवस्तु , और उसे नीति आयोग अटल इनोवेशन मिशन की वेबसाइट में कैसे जमा करे विस्तार से बताया ।कहा कि जिस काम को करने में दिक्कत अगर आती है तो मानो सफलता जरूर मिलेगा ।तत्पशत भोजन अवकाश हुआ ।भोजन अवकाश के बाद लैब के मुरली देवांगन द्वारा कोडिंग कैसे की जाती है , पर प्रकाश डाला ।साथ ही एड्रिनो यूनो पर कोड लिखकर बच्ची को अवगत कराया ।इसके पश्चात बच्चो ने भी छोटे छोटे कोड लिखे । कुछ प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स भी डेवलप किए गए । इस हैंड्स ऑन एक्सपीरिएंस को छात्रों ने बहुत ही उपयोगी बताया ।5 घंटे के इस कार्यक्रम का समापन जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार बिलासपुर की शिक्षिका सुनीता चौधरी के आभार प्रदर्शन से हुआ।

# श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन,,,बईहा महादेव बना कैलाश पुरी धाम

समाज जागरण ब्यूरो चीफ
विवेक देशमुख के साथ
राधेश्याम कोरी की खास खबर

बिलासपुर। ग्राम पंचायत नेवसा विकासखंड बिल्हा जिला बिलासपुर अंतर्गत नवरात्रि बासंती पर्व पर श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है लगभग 30 साल बाद यज्ञ का कार्य दोबारा उसी स्थान पर हो रहा है यज्ञ में श्रदालुओं की भीड़ उमड़ रही है सातवें दिवस की भीड़ देखकर बईहा महादेव कैलाश पुरी धाम की तरह दिख रहा था। व्यासपीठ से पंडित कन्हैयालाल मिश्र द्वारा शिव महापुराण की कथा को व्याख्यान करते हुए कहा कि शिव की महिमा अपरंपार है भगवान भूत भावन भोलेनाथ का अद्भुत लीला है। शिव पुराण' का सम्बन्ध शैव मत से है इस पुराण में प्रमुख रूप से शिव-भक्ति और शिव-महिमा का प्रचार-प्रसार किया गया है। प्रायः सभी पुराणों में शिव को त्याग, तपस्या, वात्सल्य तथा करुणा की मूर्ति बताया गया है। कहा गया है कि शिव सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले एवं मनोवांछित फल देने वाले हैं। कथा पूजन में सहयोगी संतोष मिश्रा, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार पांडेय, संतोष तिवारी, परमेश्वर तिवारी हैं यज्ञ में



सातवें दिवस बहुत ही भीड़ रहा आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित लोग कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं जिसमें बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह, साथ में लक्ष्मी कश्यप, लक्ष्मी गहवई, टीकम सिंह, बेलतरा तहसीलदार शशि भूषण सोनी, नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चंद्रवंशी, नेवसा पटवारी लोमश बैसवाड़े यज्ञ कार्य की अध्यक्षता सरपंच भरत लाल कश्यप एवं ग्रामवासी के जिज्ञासुओं को भोजन व्यवस्था प्रसाद वितरण बैठक व्यवस्था सभी को अपने-अपने जिम्मेदारी पालन करते हुए यज्ञ कार्य को सुचारू रूप से चलने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिसमें राजकुमार कश्यप एवं उनके साथी गण विनोद कश्यप, रूद्र कश्यप, मुरीत राम साहू, किशोर साहू ,केशव कोरी, अर्जुन कश्यप, चित्रसेन साहू, प्रमोद वैष्णव, अनिरुद्ध साहू, रामकुमार कश्यप, दरश राम कश्यप, जगत राम साहू विजय साहू आदि नवयुवक गण शामिल हैं । मुख्य जमान में अर्जुन कश्यप, राजकुमार कश्यप, गौरी शंकर यादव, भागवत प्रसाद कोरी, रवि प्रकाश साहू है।

# 148वीं बटालियन ने मछुरदा लालपुर पंचायत को दिया चूल्हा सहित बर्तन सेट

समाज जागरण/शिवशंकर
पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।( 30 मार्च )सीआरपीएफ की 148वीं वाहिनी लगातार जनता के बीच पहुँच कर मधुर सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास करती आ रही हैं जिससे ग्रामीणो व सीआरपीएफ के बीच की बनी दुरी जैसे मिथ्या को गलत साबित करने के लिए काफी हैं। सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामीणों के लिए जरुरी व दैनिक उपयोगी की वस्तुओ का वितरण कर ग्रामीणों के लिए मसीहा बने हुए हैं जो निश्चित ही सीआरपीएफ के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। अभी एक सप्ताह पहले ही मछुरदा पुलिस चौकी में पदस्थ सीआरपीएफ की 148वीं बटालियन ने भारत सरकार व उच्च अधिकारियो के निर्देश पर अतिनक्सल प्रभावित मछुरदा ग्राम में मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित कर मुफ्त दवाई का वितरण किया था जिसमे मौसमी बीमारियों सहित साधारण बीमारी का इलाज किया गया था जिसमे सैकड़ो ग्रामीणों ने लाभ लिया था।

अपने जनहित कार्यों को जारी रखते हुए सीआरपीएफ की 148वीं बटालियन के सहायक कमानडेंट गौतम दास के हस्ते 29 मार्च को लालपुर व मछुरदा ग्रामपंचायत को बर्तन सेट व चूल्हा निःशुल्क प्रदान किया गया जिसकी मांग ग्रामीणों ने कंपनी सहायक कमानडेंट गौतम दास से किया था जिसकी सुचना उच्च अधिकारियो को देकर ग्रामीणों की मांग को पूरा किया गया।

लालपुर ग्रामपंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि शादी व्याह व अन्य सामाजिक कार्य होने पर हमें भाड़े पर बर्तन लाने पड़ते थे लेकिन सीआरपीएफ के द्वारा हमारी समस्या को चुटकियों में हल कर दिया जिसकी हम समस्त ग्राम वासी प्रशंसा करते हैं व सीआरपीएफ को धन्यवाद देते हैं।

वहीं ग्रामपंचायत मछुरदा के अतिनक्सल प्रभावित ग्राम कोरका के बैगा आदिवासियों को भी बर्तन का सेट व चूल्हा दिया गया जिसको पाकर बैगा आदिवासियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गयी। ग्रामीणों ने बताया कि बड़े बड़े बर्तन सेट के साथ चूल्हा निश्चित ही हमारे लिए उपयोगी सिद्ध होगा क्यों कि जब भी हमारे गांव में शादी ब्याह व अन्य कार्यक्रम होता था तो दूसरे गांव से बर्तन लाना पड़ता था लेकिन अब हमें बर्तन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा जिसका हम सभी ग्रामवासी सीआरपीएफ बटालियन के सहायक कमानडेंट गौतम दास जी का धन्यवाद देते हैं जिनके प्रयास से हमारी समस्या का समाधान हो गया जो विगत कई वर्षो से था। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ के निरीक्षक नरेंद्र सिंह व अजय कुमार पी. के साथ समस्त स्टॉफ व लालपुर ग्रामपंचायत व मछुरदा ग्रामपंचायत के सरपंच व सचिव सहित ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामीणों को चाय नास्ता करा कर विदा किया गया।

# श्री दुर्गा अष्टमी पर कुलदेवी की पूजा अर्चना के बाद आज श्री राम नवमी पर निकलेगी शोभा यात्रा

रायसेन। चैत्र नवरात्र के चलते बुधवार को श्री दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर सभी सनातन धर्म प्रेमियों के घर घर में अपनी कुलदेवी की विशेष पूजा अर्चना की गई इस मौके पर परिजनों ने माता रानी से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया जिले भर में दुर्गा अष्टमी पर अपनी अपनी कुलदेवी की पूजा सनातन धर्म प्रेमियों ने श्रद्धा भाव के माहौल में की, आज गुरुवार को श्री राम नवमी के शुभ अवसर पर भगवान श्री राम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी तादाद में सनातन धर्म प्रेमी उत्साह के साथ शामिल होंगे इसी परिपेक्ष में जिला मुख्यालय स्थित श्री राम नवमी भव्य शोभायात्रा समिति के तत्वाधान में नगर के प्राचीन सिद्ध श्री गंज बाजार हनुमान मंदिर से दोपहर 3:00 से भगवान श्री राम की विशाल शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शहर में भ्रमण करेगी। शोभायात्रा में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की झांकी भी चलेगी सनातन धर्म प्रेमी अपने हाथों में भगवा ध्वज लेकर चलेंगे इसके अलावा डीजे, बैंड बाजे की धुन पर सनातन धर्म प्रेमी उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे भजन संकीर्तन राम नाम जप करते हुए सनातन धर्म प्रेमी शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म का लाभ उठाएंगे । श्री राम नवमी मना जने को लेकर जिला मुख्यालय पर व्यापक तैयारियां की गई हैं चैत्र नवरात्र के चलते ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो सारा वातावरण मां जगदंबे की शक्तिमय हो गया है और आज श्री राम नवमी के शुभ अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा में भी माहौल राममय दिखाई देगा, इस आयोजन की तैयारियां पिछले कई दिनों से की जा रही थी शोभायात्रा के आयोजकों ने नगर के सभी सनातन धर्म प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म का लाभ उठाया जाने की अपील की है। इधर श्री रामनवमी के मौके पर जिला मुख्यालय सहित जिले भर में होने वाले धार्मिक आयोजनों को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी निगरानी रखे हुए हैं, रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से स्थानीय थाना पुलिस के जवान भी तैनात किए जाएंगे जो कि पूरे समय निगरानी करते हुए व्यवस्था बनाए जाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

# रेत भरकर आ रहे डंपर को रोककर अज्ञात लोगों ने लगाई आग, डंपर चालक से की मारपीट, छुड़ा ले गए मोबाइल

रायसेन जिले में रेत से भरे डंपर को आग लगाने का यह दूसरा मामला, पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज।

रायसेन। जिले के बरेली थाना अंतर्गत आने वाले बगलवाडा रोड के पास ग्राम कोटवार के निकट कोई अज्ञात आरोपियों ने सतरावन रेत खदान से रेत भर कर ला रहे डंपर क्रमांक एमपी 04 एचई 4643 के चालक को रोककर मारपीट की एवं उसका मोबाइल भी छीन लिया इसके पश्चात अज्ञात बदमाशों ने रेत से भरे डंफर को आग लगा दी जिससे डंपर आग में जलकर खाक हो गया है। अज्ञात आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए हैं डंपर चालक की रिपोर्ट पर जिले की



बरेली पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। ज्ञात हो कि एक वर्ष के भीतर रेत से भरे डंपर जलाए जाने की दूसरी घटना है इससे पूर्व भी इसी क्षेत्र में रेत से भरे डंपरो को जलाने की घटना घटित हुई थी जिसके आरोपी जेल में बंद है । बरेली पुलिस के अनुसार डमफर में आग लगाने वाले बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, बरेली टीआई आशीष सपरे का कहना है कि शीघ्र बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा, इसके लिए पुलिस जांच में जुट गई है। इधर इस घटनाक्रम से डंपर चालकों में हड़कंप मच गया है इसके अलावा रेत व्यापार करने वाले रेत व्यापारी भी इस घटनाक्रम से घबराए हुए हैं फिलहाल बरेली पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

# वित्तीय अनियमितताएं करने पर ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

रायसेन। शासकीय दायित्वों के निर्वहरन में घोर लापरवाही बरतने एवं वित्तीय अनियमितताएं करने पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया द्वारा बाड़ी जनपद की ग्राम पंचायत सोजनी के ग्राम रोजगार सहायक बृजेश रघुवंशी की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचे तथा विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण हों, यह शासन की प्राथमिकता है। जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासमूलक कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बाड़ी जनपद की सोजनी ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक बृजेश रघुवंशी के विरूद्ध सड़क निर्माण कार्यो में बिना किसी मस्टर के राशि आहरण करने, रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत मेड़ बंधान कार्य में वित्तीय अनियमितताएं करने, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने और निदेशों की अवहेलना करने की शिकायत प्राप्त होने पर जांच दल गठित करते हुए जांच कराई गई थी। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में शिकायतें सत्य पाए जाने पर रघुवंशी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। श्री रघुवंशी द्वारा प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने, अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने एवं गंभीर वित्तीय अनियमितताएं करने पर तत्काल प्रभाव से ग्राम रोजगार सहायक श्री बृजेश रघुवंशी की संविदा सेवा समाप्त कर दी गई है। श्री बृजेश रघुवंशी द्वारा ग्राम पंचायत सोजनी में सीसी रोड निर्माण कार्य में अनियमितता किए जाने, गैरत अनुमत्त कार्य करने, अनाधिकृत वेण्डर का भुगतान करने, मोबाईल पर व्यय, मेंटेनेंस के व्यय एवं शासकीय राशि का गवन किए जाने पर दो लाख 40 हजार 336 रूपए की वसूली अधिरोपित की गई है।

## कांके विधायक समरीलाल के मामले में 19 अप्रैल को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड ) 29 मार्च 2023:-राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में सुरेश बैठा की ओर से समय की मांग की गई. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की है. पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ रोक से फिलहाल इनकार किया था. पिछली सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं, उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं. प्रतिवादी समरी लाल की ओर से अधिवक्ता



कुमार हर्ष कोर्ट में उपस्थित हुए. बता दे कि पूर्व हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल याचिका स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था. साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था. जिसे सुरेश बैठा और राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी है. हाईकोर्ट की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि सरकार दोबारा कमेटी बनाकर नियमानुसार समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच करा सकती है. एकल पीठ ने समरी लाल के मामले में अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार विजिलेंस सेल गठित करेगी, जो समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच करेगी. अगर विजिलेंस सेल की रिपोर्ट में यह बात आती है कि उन्हें जो जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया वह सही है। तो केस को ड्रॉप कर दिया जाएगा और समरी लाल को नोटिस भी जारी नहीं की जाएगी.

## विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला, 300 मरीजों का जांचोपरांत हुआ उपचार

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददत्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023 :- विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया.स्वास्थ मेला का उद्घाटन प्रमुख रंभा देवी,बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति,सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय,विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय व प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि सरकार का स्वास्थ सेवा आम लोगों तक पहुंचाना चाहिए.डॉ लीली एस्टेला पूर्ति ने कहा कि स्वास्थ सेवा को गांव गाँव तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं.आम लोगो को स्वास्थ सेवा का भरपूर लाभ सुगमता के साथ मिले,इसीलिए इस प्रखंड स्तरीय मेला का आयोजन



किया गया है.प्रमुख रंभा देवी ने कहा कि वृद्ध और दिब्यंग मरीज जो चलने में असमर्थ हैं,उनको लाने ले जाने हेतु विभाग द्वारा वाहन का व्यवस्था किया जाना चाहिए था.अगर इसका व्यवस्था होता तो और भी ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिलता.मेला में जांच और उपचार हेतु नेत्र,शुगर,मलेरिया,यक्ष्मा,परिवार नियोजन सहित दर्जन भर विभागवार स्टॉल लगाया गया था.जिसमे 300 मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया गया.मौके पर डॉ एम एम प्रसाद,डॉ सलमान अहमद, बीपीएम पंकज पांडेय, लेखापाल पंकज सिंह, इस्लाम खलीफा,संतोष कुमार, सतेंद्र कुमार,मिनहाज आलम, आदित्य पाल,गौतम कुमार,राजेंद्र प्रसाद सोनी,कृष्णा कुमार,इसरार हवारी,स्वेब शाह सहित कई स्वास्थ्य कर्मी व स्थानीय लोग मौजूद थे.

## प्राथमिक विद्यालय भातुडीह में मिला अनियमितता का भंडार।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी फतेहपुर जामताड़ा( झारखंड)**

शिक्षा विभाग शिक्षा प्रणाली को व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने के लिए लाखों खर्च कर रही है । लेकिन कई जगह सरकार का यह खर्च महज फिजूलखर्ची ही साबित होता दिख रहा है ।ऐसा ही मामला फतेहपुर प्रखंड के धसनिया शैक्षणिक अंचल अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भातुडीह में देखने को मिला। प्राथमिक विद्यालय भातुडीह में जब हमारे संवाददाता विपुल





गोस्वामी बुधवार को 10 बज कर 3 मिनट में पहुंचे तो वहां शिक्षक महादेव मंडल और चांदो मरांडी बाहर में बैठकर गप्पे लड़ा रहे थे ।वही विद्यालय में मात्र 3 बच्चे ही उपस्थित थे जबकि विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या 76 है। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि यदि विद्यालय में 76 बच्चों के स्थान में महज 3 बच्चे ही उपस्थित हो तो ऐसे में सरकार द्वारा जो खर्च की जा रही राशि है वह बेवजह हो रही है। इतना ही नहीं उक्त विद्यालय में रंगाई पुताई के लिए जो राशि विद्यालय को उपलब्ध हुई थी वह भी घोटाले की जद में आता दिख रहा है। विद्यालय के कुछ पिलरों में ही रंगाई कर राशि डकार ली गई है। बाकी कहीं नहीं रंगाई पुताई की गई है। और तो और जब उपस्थित चौथी क्लास की छात्रा स्मिता कुमारी को भारत के राष्ट्रपति का नाम पूछा गया तो वह नहीं बता पाई। छात्रा ने बताया कि शिक्षक ने आज तक राष्ट्रपति का नाम हम लोगों को नहीं बताया है और कभी अल्पाहार भी हमलोगों को नही दिया जाता है। सबसे बड़ी बात यह देखी गई कि विद्यालय के विवरणी चार्ट में राष्ट्रपति का नाम अंकित ही नहीं है। वही झारखंड के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का नाम चोक यानी पेंसिल से लिखकर रखा गया है ।जब बच्चे की कम उपस्थिति के बारे में प्रधानाध्यापक महादेव मंडल से पुछा गया तो उन्होंने कहा अभी बच्चा महुआ चुनने चला जाता है।

## रामनवमी को लेकर आर आई टी थाना क्षेत्र में प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, रंग में भंग डालने वालों पर होगी सख्ती कार्यवाई

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2023 :झरामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है. इसके लिए जगह-जगह विभिन्न अखाड़ों के साथ बैठक की जा रही है.क्षेत्र के रामनवमी जुलूस के मार्ग को बदला नहीं जाएगा.

रामनवमी के पर्व में शांति और भाईचारगी बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है. सरायकेला खरसावां जिला अंर्तगत आर आई टी थाना क्षेत्र में जगह-जगह पुलिस बल को तैनात कर दिया जा रहा है. सड़कों पर आते-जाते वाहनों की जांच की जा रही है. कई जगहों पर बिना हेलमेट के लोगो को पकड़ कर कड़ी निर्देश दिया गया।और उन्हें बताया गया की अगली बार कोई सुनवाई नही होगी। इसके साथ लोगों को यह भी बताया गया है कि कोई



भी गलत किया जाने जाने पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।आज (29 मार्च) सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्र के रोड नंबर 4 से 19 नंबर होते हुए बाबा आश्रम, ट्रांसपोर्ट कॉलोनी,बनता नगर,पानी टंकी फ्लैग मार्च निकाला. इसमें आर आई टी थाना प्रभारी सागर लाल महथा,एस आई शंकर राम, शुभांकर,शशि भूषण,संजय हेंब्रम, होम गार्ड समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे.

वही थाना प्रभारी सागर लाल महथा का कहना है की जुलुश के दौरान रूट की सभी दुकानें बंद रहेगी ताकि आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो और श्री राम भक्तो को सुचारू रूप से दर्शन और मनोरंजन में कोई दिक्कत न हो।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल हुआ जारी, टॉपर बच्चों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददाता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023 :- उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचंपा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक सत्र 2022 - 23 का वार्षिक परीक्षा फल जारी किया गया.इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर सभी वर्ग के तीन-तीन टॉपरों सहित बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया.निदेशक बाबुल सिंह ने कहा कि स्कूल का बेहतर परीक्षा फल अभिभावक और शिक्षक दोनों के सहयोग व बच्चो के कठिन परिश्रम का परिणाम है.उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षों से विद्यालय प्रबंधन प्रतिवर्ष एक अनाथ बच्ची को गोद लेकर उसकी पढ़ाई का सारा खर्च निर्वहन करती है.विद्यालय में नये सत्र में स्मार्ट क्लासेश तथा



विज्ञान प्रयोगशाला एवं लाइब्रेरी की व्यवस्था को इसबार और बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया गया है.विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश मिश्रा ने परीक्षा फल पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा अभिभावकगण से बच्चों के परीक्षा फल पर विस्तृत चर्चा करते हुये कहा कि विद्यालय में नये सत्र हेतु रेहला व बेलचम्पा दोनों विद्यालय में नामांकन प्रारंभ है.साथ ही नये सत्र के विद्यालय द्वारा गोद ली हुई बच्ची अंकिता कुमारी तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा गोद ली गयी सभी बच्चियों के बीच पाठ्य समागरी,यूनिफार्म,स्कूल बैग व डायरी का वितरण किया गया.इसके बाद अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.मौके पर विद्यालय के शिक्षक शैलेश चौबे,अजीत तिवारी,नंद कुमार ठाकुर, पियूष पांडेय, विकास चौबे, विकास पांडेय, समशीर अंसारी, अब्दुल लतीफ,सुरेंद्र शर्मा,गीता पांडेय,आभा चौबे,मधु चौबे,चंचला कुमारी,प्रतिमा कुमारी, प्रतिभा शुक्ला, आशु चौबे,मौरूपा धर सहित स्कूल के सभी छात्र-छात्रा व काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे.

## पलामू में रामनवमी में दिखी गंगा यमुना तहजीब का मिसाल, मोहर्रम इंतेजमिया कमेटी ने रामनवमी कमेटी के लोगों को किया सम्मानित

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023:- मेदिनीनगर में कुछ घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो पलामू जिला शुरू से ही सांप्रदायिक सौहार्द के लिए पूरे देश में जाना जाता है। इस बार भी रामनवमी के अवसर पर गंगा जमुना तहजीब को पलामू वासियों ने धरातल पर उतार दिखाया है। बुधवार को अष्टमी के जुलूस निकलने के बाद शाम चार बजे से मेदिनीनगर शहर थाना में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा एक मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महावीर नवयुवक दल जेनरल और पलामू जिला प्रशासन के लोगों को सम्मानित किया गया। मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के द्वारा इस अवसर पर सबसे पहले श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर को मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान के द्वारा पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया। इसके बाद एक-एक कर जनरल के सभी पदाधिकारियों को माला, पगड़ी, मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित



किया गया। इस तरह गंगा जमुना की तहजीब को पलामू में बरकरार रखा गया।

मेदिनीनगर शहर थाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान ने की।

इस अवसर पर एसडीओ राजेश शाह पलामू डीएसपी ऋषभ गर्ग सीओ जेके मिश्रा, थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, TOP 1 प्रभारी रेवा शंकर राणा TOP 2 रुद्रानंद सरस ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के पदाधिकारियों में गणेश गिरी विजय ओझा, मनोज सिंह मंगल सिंह, बबलू गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र नागिन, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया सुरेश टॉम, रंजीत चन्वंशी, अभिषेक राज, प्रभात अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, छोटू अग्रवाल,सुरेश चंद्रवंशी, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह समेत जेनरल कब कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुहर्रम इंतजाम या कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों में मुमताज खान पलामू सदर मुस्तफा कमाल इसराइल आजाद कमाल खान, सन्नू सिद्धकी,पप्पू अजहर इमामुद्दीन खान आदिल गनी, शाहिद खान नफीस खान असफर रब्बानी, जियाउद्दीन अंसारी, असगर हुसैन, इमरान कुरेशी अकबर कुरेशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आदित्यपुर में नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2023 :झ श्री श्री शिव काली मंदिर समिति, न्यू हाऊसिंग कॉलिनी वरिष्ठ नागरिक संघ एवं प्रभात नगर विकाश समिति के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 1 अप्रैल अपराह्न 4.30 बजे से श्री श्री शिव काली मंदिर परिसर में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका श्रीमती संध्या प्रधान के सम्मान में एक नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित करने का निर्णय लिया किया गया है। आदित्यपुर वार्ड- 17 में रहने वाली श्रीमती संध्या प्रधान न्यू कॉलोनी उत्क्रमित हाई स्कूल, आदित्यपुर में वर्तमान में प्रधानाध्यापिका पद पर कार्यरत हैं एवं शिक्षिका महोदया अपनी उत्कृष्ट सेवा के बाद दिनांक 31 मार्च को सेवानिवृत हो रहीं हैं।

इस सिलसिले में मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री बीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में समिति एवं वार्ड- 17 में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की एक बैठक मंदिर परिसर में रखी गई थी, जिसमें मंदिर समिति के संयोजक आर एन प्रसाद, उपाध्यक्ष उमेश दुबे, कैलाश पाठक, पूर्व अध्यक्ष श्री उपेन्द्र ठाकुर, जवाहर सिंह मामाजी, वरिष्ठ नागरिक संघ के महासचिव रामचंद्र पासवान, प्रमोद गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरायकेला- खरसावां के उपायुक्त श्री अरवा राजकमल, विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम आदित्यपुर श्री गिरिजा शंकर प्रसाद एवं एडीसी सरायकेला श्री सुबोध कुमार तथा सम्मानित अतिथि के रूप श्री पुरेंद्र नारायण सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष , आदित्यपुर नगर परिषद को आमंत्रित किया गया है।

इस कार्यक्रम के लिए जिले के उच्चस्थ पदाधिकारियों की सहमति श्रीमति संध्या प्रधान जी की उत्कृष्ट एवं निस्वार्थ सेवा के प्रति सम्मान परिलक्षित करता है। श्रीमति प्रधान के सम्मान में आयोजित यह कार्यक्रम वार्ड- 17 सहित आदित्यपुर के समस्त नगरवासियों के लिए गौरांवित होने के साथ साथ उच्चस्थ अधिकारियों से भी रूबरू होने का अवसर प्रदान करता है। आस पास रहने वाले सभी नगरवासियों से निवेदन किया गया है कि इस अभिनंदन समारोह में शामिल होकर श्रीमती प्रधान को अपना स्नेह सुमन प्रदान करें एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाये।

## पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

(आर एन चौरसिया ब्यूरो चीफ) धनबाद, उपायुक्त धनबाद सह जिला समुचित प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ, आलोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सलाहकार समिति की नियमित बैठक प्रत्येक दो माह पर करने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में अल्ट्रासाउंड करने हेतु एमओयू करने के संबंध में भी चर्चा की गई। सिविल सर्जन ने बताया कि यह नियमित बैठक है। इस दौरान अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण, अवैध संचालन इत्यादि पर चर्चा की गई। इस बैठक में लोगों में जागरूकता फैलाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान कुछ रजिस्ट्रेशन रिनुअल और नए रजिस्ट्रेशन के संबंध में चर्चा हुई। सिविल सर्जन ने कहा कि लिंग परीक्षण या लिंग निर्धारण करना कानूनन अपराध है। आम नागरिक अवैध लिंग जांच करने वाले संस्थानों या व्यक्तियों की सूचना जिला समुचित पदाधिकारी या 104 पर दे सकते हैं। बैठक में सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों के चिकित्सकों एवं संचालकों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के दंड प्रावधानों से अवगत कराने, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट से संबंधित पोस्टर सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ, आलोक विश्वकर्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी, कुमार बंधु कच्छप, डॉक्टर विकास कुमार राणा, आरके श्रीवास्तव, सघन एनजीओ के नीता सिन्हा, डॉ, मनीष कुमार, डॉ, सुनील कुमार वर्मा, डॉ, प्रणय पूर्वे व अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद थे।

## कांड्राः महाष्टमी पर महिलाओं ने की महागौरी की पूजा, रामनवमी को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला( झारखंड)**

चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी पर मंदिरों में देवी दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी. बुधवार को आठवें दिन भक्तों ने नवदुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की.



नवरात्र के पहले दिन और अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने घर व देवी की मंदिरों में हवन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की. इस दौरान जय माता दी के उद्घोष से दिन भर मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजते रहे. देवी मंदिरों में दर्शन करने को भक्तों की कतारें लगी रहीं. देवी भक्तों ने अष्टमी के दिन कन्याओं को भोज कराया.

**अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़**

अन्नपूर्णा मंदिर और गौर चंद्र चटर्जी देवी मंदिर में नवरात्र के अष्टमी पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. महिलाएं पूजा का थाल लेकर पहुंची. अष्टमी के दिन हवन-पूजन से वातावरण भक्तीमय हो गया. ग्रामीण इलाकों के वार्ड एक के सतबहिनी में भी देवी मंदिरों और घरों में लोगों ने हवन-पूजन कर कन्याओं को भोज कराया. देवी मंदिरों में रामनवमी के लिए मां का दरबार सजा दिया गया है. इधर बाजारों में महावीरी पताके, कच्चे बांस और पूजन सामग्री की खरीदारी में भी भक्तों की भीड़ देखी गई.

## केन्द्रटांढ मे बजरंगबली मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा किया गया।

दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी फतेहपुर ,जामताड़ा (झारखण्ड)फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के केन्दाआटाड गाँव में सार्वजनिक बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर108 कलश यात्रा कुंवारी कन्याओं के द्वारा का विधि विधान के साथ तलाब से जलाभिषेक करे कलश मे जल भर कर मंदिर प्रांगण लाया गया।



बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पुजारी महावीर प्रसाद त्रिवेदी एवं उनके सहायक पुजारी कन्हैयालाल मिश्रा के द्वारा हवन प्राण प्रतिष्ठा एवं वैदिक मंत्र के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त केंदुआटाड गाँव के सभी भक्तो एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गोस्वामी अमित भैया आभा आर्या प्रमोद गोस्वामी विष्णु मंडल बबलू झा आदि उपस्थित थे

## विश्रामपुर नगर परिषद में स्वच्छ उत्सव के तहत निकाला मशाल मार्च

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023 :- विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छ उत्सव 2023 के तहत मशाल मार्च निकाला गया.मार्च की शुरूआत पंचमुखी मंदिर परिसर से हुयी.नगर भ्रमण के बाद मशाल मार्च सोरडीहा में जाकर समाप्त हुआ.नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम ने बताया कि लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मशाल



मार्च निकाला गया था.नगर परिषद के स्वच्छता ब्रांड अम्बेडर राजन पांडेय ने कहा कि स्वस्थ्य जीवन का मूल मंत्र ही स्वच्छता है.मशाल मार्च में नगर प्रबंधक प्रभात कुमार,समाजसेवी विजय कुमार रवि,भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,कनीय अभियंता अभय राज हंस,विभूति भूषण,अजित टुडू,मुकेश कुमार,रमेश कुमार,दीपक कुमार,मुबारक अंसारी,सुबोध कुमार,रवि चौधरी,चंद्रदेव चौधरी कुकू,सोना देवी,जितेंद्र बहेलिया सहित कई नप कर्मी शामिल थे.

## जादूगोड़ा रंकिणी कापड़गादी घाट में 44वां श्री श्री सार्वजनिक वार्षिक बंसती पूजा की रही धूम

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

विधायक संजीव सरदार ने भी पूजा -अर्चना कर क्षेत्र की खुश हाली की कामना। पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),29 मार्च 2023:- चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी को जादूगोड़ा मां रंकिणी कापड़गादी घाट में 44वां श्री श्री सार्वजनिक वार्षिक बंसती की धूम रहे। पारंपरिक तरीके इधर



इस दौरान मुख्य पुजारी अनिल सिंह गिरोस सरदार रोहिणी- बेड़ा , श्री शांतिदल सिंह (पांडूडीह ) मंनोरंजन सिंह (सोहदा) दिनेश सरदार विधिवत पूजन किया गया। संध्या 4:00बजे नूतन डीह की आदिम जुवान आखडा के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में विधायक संजीव सरदार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । इस मौके पर उन्होंने जादूगोड़ा ,पोटका क्षेत्र की जनता के सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए माता रंकिणी की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में शामिल लोग इस कार्यक्रम में मां रंकिणी कापड़गादी घाट विकास सचिव लखीपदो सिंह, सहायक पुजारी रामेश्वर सरदार, तरूण कुमार महापात्र, विनोद मुण्डा, हेमंत सिंह, लव सरदार, रामेश्वर सरदार, विष्णु सरदार, नन्दो सिंह, सिमल सरदार, और असीम सिंह तथा अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

## प्रतिबंधित लॉटरी बेचने वाले गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, पुलिस ने प्रतिबंधित लॉटरी बेचने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के पास से 7859 लॉटरी, 39780 रुपए नगद सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। इसकी जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय - 1 , अमर कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस को अवैध रूप से आम जनता को प्रतिबंधित लॉटरी की टिकट बेचने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी, गोविन्दपुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर छापामारी की गई। इस क्रम में मास्टर कॉलोनी, मोती मस्जिद निवासी महताब आलम उर्फ टिपु प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान माहताब आलम ने निरसा के अजित साव एवं सोनु साव से प्रतिबंधित लॉटरी टिकट खरीद कर उसकी बिक्री करने की बात बताई। साथ ही गोविन्दपुर थाना में कई अन्य व्यक्तियों के द्वारा भी प्रतिबंधित लॉटरी टिकट बिक्री करने की बात बताई। उन्होंने कहा छापामारी दल ने महताब आलम के निशानदेही पर गोविंदपुर के अमरपुर से विनोद विश्वकर्मा, गायडेहरा से सहाबुद्दीन अंसारी उर्फ किस्मत उर्फ मुन्ना, गॉवभीतर से मृदुल विष्टु, भिलेज रोड से रमेश कुमार बाउरी, बडाबांध स्थित कुलदीप कुमार गुप्ता के घर से उसके चालक मो सबीर साह उर्फ अल्टू, धर्मशाला रोड उपर बाजार से अमित दास को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से काफी मात्रा में प्रतिबंधित लॉटरी टिकट, नकद राशि एवं अन्य सामग्री को बरामद कर उनको गिरफ्तार किया गया। पकड़ायें अपराधियों द्वारा बताये गये अवैध व प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के व्यवसाय में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है। इस संबंध में गोविन्दपुर थाना काण्ड संख्या-102 / 23, दि 28.03.2023 धारा 420/34 भादवि एवं 11 बंगाल जुआ अधिनियम 1867 दर्ज किया है। छापामारी दल में डीएसपी मुख्यालय एक के अमर कुमार पांडेय, गोविंदपुर थाना के पु.नि. सह थाना प्रभारी उमेश प्रसाद सिंह, असलम अंसारी, दिपक द्विवेदी, विक्रम कुमार, धमेन्द्र राम व गोविन्दपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन की पूरी तैयारी

### उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने की प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग, संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी के निर्देश

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),29मार्च 2023:- ङ्गछोटी से छोटी घटना का भी कंट्रोल रूम में सूचना दें, टीम के रूम में कार्य करें ङ्गवरीय पदाधिकारियों के आदेश बिना प्रतिनियुक्ति स्थल नहीं छोडेंगे

रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था के सफल संधारण हेतु प्रतिनियुक्त सुपर जोनल, जोनल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग रविन्द्र भवन सभागार, साकची में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार द्वारा की गई । मौके पर एसपी ग्रामीण श्री मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम श्री पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री दीपू कुमार, निदेशक डीआरडीए श्री सौरभ सिन्हा, एडीसी श्री जयदीप तिग्गा, विशेष पदाधिकारी जेएनएसी श्री संजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिनेश रंजन, डीसीएलआर श्री रविन्द्र गागराई, डीपीओ श्री अरूण द्विवेदी समेत अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे । बैठक में उपस्थित सदस्यों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील स्थानों की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ क्या-क्या एहतिहाती कदम उठाये जा सकते हैं इसकी जानकारी दी गई। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि संध्या 8 बजे तक जुलूस का विसर्जन सुनिश्चित करेंगे। किसी एक जगह पर जुलूस ज्यादा देर तक नहीं रूका रहे इसका भी ध्यान रखेंगे। अखाड़ों के लाइसेंसधारी से संपर्क बनाये रखने तथा अखाड़ों द्वारा उपलब्ध कराये गए वॉलंटियर से भी संपर्क कर जरूरी दिशा-निदेश देने का निर्देश दिया गया । जिले के वरीय पदाधिकारियों ने आयोजकों से भी अपील किया कि शांति व्यवस्था को बाधित किए बिना पर्व मनायें, यह उत्सव का पर्व है ऐसे में दूसरों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार संपन्न हो इसका विशेष ध्यान रखें ।

उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि आप सभी जिला प्रशासन के आंख, कान, हाथ हैं ऐसे में पूरी चुस्ती से अपने कर्तव्यों का निर्वह्न करें, नियमित फील्ड से अपने वरीय पदाधिकारियों को फीडबैक देते रहें। दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल में किसी भी तरह से संवादहीनता की स्थिति नहीं रहे, आपसे में फोन नंबर साझा करें, आपसी समन्वय से कार्य करें। स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी जुलूस के साथ चलेंगे, जब तक वरीय पदाधिकारियों द्वारा आदेश नहीं दिया जाता तबतक प्रतिनियुक्ति स्थल से नहीं हटेंगे। विसर्जन घाटों में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जुलूस के विसर्जन का



अपडेट कंट्रोल रूम में देते रहेंगे । वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों के सफल संचालन में आप सभी सक्षम हैं, पूर्व में भी अपनी प्रतिबद्धता दिखाते आए हैं, पूरा जिला प्रशासन आप सभी के साथ है, जरूरत है कि प्रतिनियुक्त बल ऊर्जा बनाये रखें। सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी सभी अखाड़ा का संयुक्त रूप से निरीक्षण करें। सिविल ड्रेस में भी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होने कहा कि किसी भी तरह से असामाजिक गतिविधि या शांति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा पहुंचाने की कोशिश होती है तो तत्काल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करा लें, जुलूस समापन के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

एसपी ग्रामीण श्री मुकेश लुणायत ने कहा कि सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर रिपोर्ट करेंगे साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि पुलिस बल भी ससमय आएं । जुलूस रूट का एक बार फिर से निरीक्षण का निदेश दिया गया । बेरिकेडिंग चेक करने तथा जुलूस के वापसी तक एस्कॉर्ट करने का निदेश दिया गया । पुलिस बल को सभी तरह के बॉडी प्रोटेक्टर के साथ ही प्रतिनियुक्ति स्थल पर रिपोर्ट करने का निदेश दिया गया।

# रामनवमी को लेकर कृष्ण कन्हैया रामायण मंडली द्वारा हुआ बैठक

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2023ः कृष्ण कन्हैया रामायण मंडली, बीएसएनएल, आदित्यपुर - 2 हनुमान मंदिर परिसर, रोड न॰ - 8 बैठक मे निर्णय लिया गया कि रामनवमी के दिन चना, गुड़, शर्बत इत्यादि की व्यवस्था रोड न॰ 8, हनुमान मंदिर के समीप, आदित्यपुर-2 शिविर लगाया जाएगा आप सभी भक्तगणों से अनुरोध हैं, कि इस कार्यक्रम में आपना योगदान देकर यश का भागी बने।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय सचिव श्री सुरेश संथोलिया,वार्ड पार्षद नीतू शर्मा, वार्ड पार्षद प्रभासिनी कालुंडिया रहेगी। श्री पुरेंद्र नारायण सिंह, रामनरेश प्रसाद , श्री अमित सिंह (बाबी सिंह, मेयर ) पांडे मुखी वार्ड पार्षद एंव सागरलाल महता



(थानाप्रभारी, आर आई टी,) मीडिया के सभी सम्मानित सदस्य सम्मलित होंगे।

कार्यक्रम दिनः शुक्रवार, 31/03/2023

कार्यक्रम स्थलः रोड न॰ 8, मेन रोड, वट वृक्ष के समीप, आदित्यपुर-2

कार्यक्रम उद्घाटन समारोह समयः संध्या 5 बजे से।

सभी से निवेदन भी किया गया कि उक्त समय पर पहुंच कर कार्यक्रम कि शोभा बढाएं।

निवेदकः -कृष्ण कन्हैया रामायण मंडली बीएसएनएल अध्यक्ष रामनाथ राम निराला, मीडिया प्रभारी,कौशल कुमार चंद्रवंशी, संजय प्रसाद,कृष्ण प्रसाद साह, चंदन शर्मा, मनीष शर्मा ,अशोक कुमार सिंह, रामानंद पासवान , अशोक अग्रवाल, लक्ष्मण शर्मा, एवं सभी सम्मानित सदस्य गण उपस्थित रहेंगे।

# यूसील की तुम्मलापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में भव्य तरीके से हुआ 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार वितरण समारोह

## *सुरक्षित उत्पादन व दुर्घटना मुक्त माइंस मुख्य लक्ष्य/ पी राम कृष्णन*

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), यूसील की तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट ( आंध्र प्रदेश) में आज 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।इधर इस मौके पर माइंस कॉन्फ्रेस रूम में समारोह आयोजित की गई जहा कंपनी के डी जी एम सह मुख्य अतिथि पी राम कृष्णन कार्य ने दौरान सुरक्षा के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया तथा यूसील की तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के प्रोसेसिंग प्लांट व खदान में सुरक्षित उत्पादन के साथ दुर्घटना मुक्त वर्ष के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर उन्होंने उद्योग के साथ-साथ घरेलू क्षेत्र में भी सुरक्षा जरूरी बताया। इस समारोह को के.के.राव डीजीएम (खान), बी. श्रीकांत डीजीएम (लेखा), मथिवनन डीजीएम (पी एंड एस) अपर अधीक्षक विपिन शर्मा ने भी संबोधित किया जबकि समारोह का संचालन व स्वागत की बागडोर अपर अधीक्षक विपिन



कुमार शर्मा ने संभाल रखी थी। यहां बताते चले कि कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न सुरक्षा सप्ताह प्रतियोगिताओं मसलन सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, सुरक्षा निबंध, सुरक्षा स्लोगन और सुरक्षा पोस्टर के 74 सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर आज सम्मानित किया।

**पुरुस्कृत होने प्रतिभागी की सूची**

52वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार व प्रशंसा पत्र पाने वाले प्रतिभागियों में हिमांशु तिवारी, जी साई किशोर,पी गंगा धर, एस विजय भास्कर वी नरेश, एम राधिका,एस अमीर वली, अंकित लोनेरे, डॉक्टर हिमा बिंदु, सी बाला अंकेना, विद्या नंद शर्मा, वी विश्वनाथ रेड्डी, एम शिवा प्रसाद समेत विभिन्न वर्गों के 46 प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

**कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग**

इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से पी. रामकृष्ण डीजीएम (मैकेनिकल/सुरक्षा), के.के.राव डीजीएम (खान), बी. श्रीकांत डीजीएम (लेखा), मथिवनन, अपर अधीक्षक विपिन शर्मा उपस्थित थे।

# रामनवमी पर्व पर दंडाधिकारी को पूजा पंडालों के बैठक कर शांति व विधि व्यवस्था बनाने की बात कही

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 28 मार्च 2023ः- रामनवमी पर्व, 2023 के अवसर पर दिनांक 27.03.2023 को आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में रामनवमी पर्व 2023 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था भंग न हो इसके मद्देनजर अनुमण्डल सदर, मेदिनीनगर क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि अपने-अपने क्षेत्र में रामनवमी पूजा संचालकों के साथ एक बैठक करते हुए सभी पूजा संचालकों को निम्नांकित निदेश अपने स्तर से देना सुनिश्चित करेंगे तथा उसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे किः-

जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के घातक हथियार, अग्नेयास्त्र, इत्यादि को लेकर चलने पर प्रतिबंध लागू रहेगा। रामनवमी पर्व, 2023 के जुलूस के अवसर पर Social Networking जैसे Whatsapp, Twitter , Facebook and any other Social Media / Media Platform पर भड़काऊ साम्प्रदायिक मैसेज / ऑडियो / विडियो के प्रेषण पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश के उल्लंघन करने पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायगी। (3) कोविड- 19 महामारी के मद्देनजर सरकार द्वारा निर्देशित दिशा-निर्देश का अनुपालन हर हाल



में कराना सुनिश्चित करेंगे। (4) The Jharkhand Control of the use and play of Loudspeakers Act. 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक वर्जित रहेगा।

रामनवमी पूजा के दौरान एवं जुलूस निकाले जाने के दौरान किसी भी परिस्थिति में डी०जे० बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । रामनवमी जुलूस के दौरान जुलूस में कोई भी व्यक्ति शराब पी कर नहीं चलेगा। यदि कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन कर जुलूस में शामिल होकर चलता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। चूंकि आदेश सभी संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से तामिला करवाना संभव नहीं है। इसे लागू करने की जिम्मेवारी सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी / थाना प्रभारी को होगी। इसे व्यापक रूप से प्रसारित कराने की जिम्मेवारी सभी अंचल अधिकारियों / प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को सौंपते हुए निदेश दिया जाता है कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं आरक्षी बल के साथ अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर मेदिनीनगर ने जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, पलामू को आदेश का व्यापाक प्रचार-प्रसार कराने हेतु प्रेषित अनुरोध है कि उपरोक्त आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की कृपा की जाय । अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर / लेस्लीगंज (पाँकी) / बिश्रामपुर / सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / सभी अंचल अधिकारी / सभी थाना प्रभारी, अनुमण्डल, सदर, मेदिनीनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

# आजसू पार्टी का पांच अप्रैल को विशाल बाइक रैली, हजारों लोग जाएंगे लोटा कीता स्थित रघुनाथ महतो शहादत स्थल

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला, (झारखंड), 29 मार्च 2023 : आगामी 5 अप्रैल 2023, बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर सरायकेला - खरसावां जिले के तीनों विधानसभा ईचागढ़, सरायकेला तथा खरसवां विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी। हजारों की संख्या में आजसू कार्यकर्ता रैली की शक्ल में सिल्ली के लोटा कीता स्थित रघुनाथ महतो शहादत स्थल पहुंचेंगे। उक्त जानकारी आजसू जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने दी। सचिन महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ता सुबह चिलगु स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे, जहां से केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में बाइक रैली नीमडीह प्रखंड के घुटियाडीह गांव पहुंचेगी। घुटियाडीह में शहीद रघुनाथ महतो के आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात कुकड़ू होते



हुए जिले के हजारों कार्यकर्ता सिल्ली के लोटा कीता के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि बाइक रैली में जिले के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, सभी प्रखंड कमिटी, पंचायत कमिटी, बूथ कमिटी के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इसके अलावा आजसू छात्र संघ, बुद्धिजीवी मंच, एसटी महासभा, एससी महासभा, पिछड़ा महासभा, महिला महासभा समेत तमाम अनुषंगी इकाइयों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बाइक रैली में शामिल रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में सरायकेला खरसावां जिले से करीब 15 हजार कार्यकर्ता नीमडीह के घुटियाडीह से सिल्ली के लोटा कीता जाएंगे। जहां पर कार्यकताओं द्वारा शहीद रघुनाथ महतो की शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सिल्ली के लोटा कीता में आयोजित रक्तदान शिविर में जिले के टिन विधानसभा के कार्यकर्ता रक्तदान शिविर में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बाइक रैली को लेकर सारी तैयारियां चल रही हैं। रैली में शामिल होने वाले कार्यकताओं की सूची तैयार की जा रही हैं।

# कुंदरी लंग मे भव्य कलश यात्रा मे शामिल हुये समाज सेवी अजय कुमार साहू

**सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखण्ड ) : 29 मार्च 2023 दिन बुधवार ईंचागढ थाना छेत्र अंतर्गत लेपटांड पंचायत के कुंदरी लंग ग्राम मे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया ' काफी सारे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़के कलश यात्रा मे भाग लिया एवं सभी पुण्य के भागी बने ' कलश यात्रा मे क्या बच्चे क्या बूढ़े सभी ने हर्षोल्लास के साथ कलश यात्रा मे भाग लिये ' वहीं कुंदरी लंग स्थित शिव मंदिर मे सात दिन तक शिव कथा का आयोजन भी किया गया है, जिसमे शिव महिमा का पाठ किया जायेगा ' इस शुभ मौके पर मुख्य रूप से टीकर के समाज सेवी अजय



कुमार साहू एवं साथी पुने ठाकुर, अनिल सिन्हा मौजूद हुये एवं सभी ग्रामीणों समेत पुण्य के भागी बने '

# जेपीसी जांच की घोषणा नहीं कर मोदी सरकार केजरीवाल के आरोपों की पुष्टि कर रही हैः शत्रुघ्न कुमार शत्रु

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड )29 मार्च 2023ः- झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर कहा है कि अडानी मामले पर जेपीसी जांच की घोषणा नहीं कर मोदी सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के प्रमुख अरविन्द केजरीवाल द्वारा अडानी को नरेन्द्र मोदी का मैनेजर बताने के आरोपों की पुष्टि कर रही है, जारी बयान में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा अडानी समूह में 20000 करोड़ रुपए किसका है? जैसे कई सवालों को पूछने के बाद संसद को म्यूट करते हुए कथित मानहानि के मुकदमें में नाटकीय तरीके से संसद की सदस्यता से बर्खास्त करवाने की घटना यह प्रमाणित करता है कि अपने लूट व ऐश्वर्य के अडानी नामधारी साम्राज्य को बचाने के लिए देश के सबसे भ्रष्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकतंत्र की जघन्य हत्या कर रहे हैं,जो अतिशय निंदनीय है। बयान में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि



विपक्ष को चोर व भारत विरोधी कहने से पहले पीएम मोदी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।अपने कार्यकाल में पीएम मोदी द्वारा अपने भ्रष्ट आर्थिक साम्राज्य के मैनेजर अडानी को श्रीलंका, बांग्लादेश व इजरायल जैसे देशों की सरकारों से बिना अनुभव के कई क्षेत्रों में सीधा लाभ दिलवाना,देश के अन्दर धरती से लेकर आकाश तक अनाप-शनाप तरीके से सौपना,उसके बचाव में एल०आई०सी० व एस०बी०आई० के हजारों करोड़ों रुपयों को कूर्बान करवाना,कौन सा रिश्ता प्रमाणित करता है?

उन्होंने अडानी/अम्बानी की गोदी मिडिया द्वारा उपरोक्त मामले से देशवासियों का ध्यान हटाने के लिए माफिया अतिक अहमद के मूत्र विसर्जन को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश के सबसे भ्रष्टतम प्रधानमंत्री के इशारे पर गोदी मिडिया ध्यान भटकाने को नंगा नाच कर रही है।अगर पीएम नरेन्द्र मोदी के अन्दर थोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो विपक्ष के सारे सवालों का उचित जवाब देने के लिए उन्हें शीघ्र अडानी मामले की जेपीसी जांच की घोषणा करनी चाहिए,अन्यथा हमें यह मानना चाहिए कि श्री केजरीवाल की बातों में ही दम है।

# बचाव अधिवक्ता का मुफ़्त सेवा ले। सचिव। एल ए डी सी से 150 लोगो को लिगल एड उपलब्ध कराया गया

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023ः- मेदिनीनगर में जरूरतमंदों को लिगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। विगत दो माह के अंदर 40 से अधिक केस में बचाव अधिवक्ता लोगों को मुफ्त यानि बिना खर्च के जमानत सत्र न्यायालय से न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में कराए हैं। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। 150 लोगो को लिगल एड उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, दिव्यांग, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, जेल में बंद लोगो के अलावा जिनकी आमदनी बार्षिक तीन लाख रुपए से कम है। वैसे लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित लिगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ने के लिए बचाव अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के लिए अब तक के लिए बड़ी उपलब्धि का विषय है।उन्होंने बताया कि लोगों का एल ए ड़ी सी के प्रति विश्वास बढ़ा है । पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर मुक्त वकील की मांग कर रहे हैं । पात्र लोगो को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से डिफेंस काउंसिल उपलब्ध कराया



जा रहा है। ताकि उनके मामले का डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता न्यायालय में पक्ष रख सकें। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में लीगल एड डिफेंस काउंसिल 27 जनवरी से कार्य आरंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि डालसा का प्रयास है कि जेल में बंद कैदियों में से कोई भी कैदी अधिवक्ता के बिना न्याय पाने से बंचित न रहे।जेल में बंद कैदियों को एल ए डी सी के काउंसिल बचाव के लिए हमेशा तैयार है। यही बजह है कि जेल में जाकर लोगो को इसके बारे में बताया जा रहा है।तथा जानकारी प्राप्त कर जेल में बंद कैदी भी मुफ्त बचाव वकील के लिए बन्दी प्रतिवेदन डालसा में भेज रहे हैं।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा ।न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं बनेगी। इसके लिए ही इसका शुरूआत किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से लोगों को विधिक सहायता के अलावा केस लड़ने के लिए वकील, कोर्ट फीस माफ,के अलावे अन्य तरह की सुविधाएं दी जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में चीफ लिगल एड डिफेंस काउंसिल अमिताभ चन्द सिंह व डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम बेहतर वर्क कर रहा है।असिस्टेंट काउंसिल भी अपनी जबाबदेही पूरी ईमानदारी से निर्वहन कर रहे हैं।इस मौके पर एल ए डी सी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह,डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर बिक्रम सिंह, उत्तम कुमार, पुष्कर राज ,कुमारी नीतू सिंह, उपस्थित थे।

# मेदनीनगर में महावीर नवयुवक जनरल के अध्यक्ष ने सभी नगर निगम वार्ड पार्षदों को साफा बांधकर व तलवार देकर सम्मानित किया

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023ः- रामनवमी पर्व के दौरान महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा कल सप्तमी को मेदिनीनगर के राजेंद्र चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलाकारों के द्वारा भक्ति संगीत का भी कार्यक्रम किया गया।

रामनवमी पर्व में वार्ड पार्षदों के उत्कृष्ट सहयोग के लिए उन्हें साफा बांधकर एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी पर्व को भव्यता एवं सुंदरता प्रदान करने में मेदिनीनगर नगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों का हर वर्ष बहुत सहयोग मिलता है पार्षदों के सहयोग के बिना रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक नहीं बनाया जा सकता। अंजना देवी प्रदीप अकेला विवेका त्रिपाठी राजीव कुमार शुक्ला धीरेंद्र पांडे निरंजन प्रसाद बिल्लू सिंह रोशन कुमार राजूराम इंद्रदेव राम दिलीप कुमार चंचला देवी मनोज कुमार सिंह सहित कई वार्ड पार्षद इस मौके पर उपस्थित थे,रामनवमी पर भक्तिभाव और हर्षोल्लास से शहर भर में सप्तमी का गोल निकाला गया। गोल में शामिल झांकियों ने मन मोह लिया। बैंडबाजे की धुन पर शोभा यात्रा में भक्ति से ओतप्रोत गीत बजते रहे।

मंगलवार को प्रधान कैप्टन रंजीत





चंद्रवंशी की अगुवाई में महावीर नवयुवक दल जेनरल सहित कई रामनवमी समितियों की ओर से शोभा यात्रा निकाला गया। जो कि विभिन्न मुहल्लों से शुरू हुआ। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए राजेंद्र चौक पर पहुंचकर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में वाद्य यंत्र पर भक्तिप्रद गीत और भजन बजते रहे। शोभा यात्रा में शामिल सभी लोग बैंड की धुन पर झूमते नजर आए। झांकियों के पीछे भगवान राम रथ पर सवार रहे। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शहरभर में शांतिपूर्वक शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा के बाद आज प्रातः काल रावण के करीब 30 फुट पुतले को गाजे बाजे के साथ राजेंद्र चौक लाया गया एवं तत्पश्चात जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर ने आग जला कर पुतले को दहन किया रावण का पुतला धूं-धूं कर जल उठा और उसमें लगी आतिशबाजी एवं धर्म की जीत, अधर्म का नाश हो के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

इस दौरान जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर गणेश गिरी दुर्गा जौहरी बिट्टू पाठक बबलू गुप्ता, नागेंद्र कुमार नागिन, सुरेश टाम, रंजित चंद्रवांसी, अभिषेक राज, संजय सिंह उमेश, प्रभात अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार बर्मन, गुड्डू बर्मन, दीपू चौरसिया श्याम जी चौधरी, राजू चंद्रवंशी ,अशोक गिरी मुन्ना कुमार लल्लू ,रामनरेश स्वर्णकार संतोष गुप्ता ,अरविंद गुप्ता,अजीत सिन्हा पंकज शर्मा ऋषि अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सदर हॉस्पिटल का नया ब्लाक हुआ शुरू स्वास्थ्य मंत्री, सांसद, विधायक की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड ) सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी के नए ब्लाक का उद्घाटन किया जाना था। इसके लिए सभी तैयारियां भी पूरी कर ली गई थी. लेकिन वक्त पर न तो स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे और न ही सांसद. इतना ही नहीं हर जगह उपलब्ध रहने वाले विधायक सीपी सिंह ने भी इस समारोह से दूरी बनाए रखी. इस बीच सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुमति लेते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और हॉस्पिटल के नये भवन को आम लोगों के लिए हैंडओवर कर दिया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने की शुरूआत की गई है. आने वाले समय में इसे और अपग्रेड किया जाएगा. बताते चलें कि 15 साल बाद हॉस्पिटल का पूरा ब्लाक शुरू हो पाया है. सदर में एक अप्रैल से कार्डियोलॉजी, मैटोलॉजी, और जेनेटिक्स विभाग के डॉक्टर मरीजों को एडवाइज देंगे. कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राजेश कुमार झा हार्ट के मरीजों



के इलाज के लिए उपलब्ध रहेंगे. हेमैटोलॉजी में डॉ अभिषेक रंजन मरीजों को देखेंगे. मैटोलॉजी में थैलेसिमिया, ब्लड कैंसर, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा. वहीं जेनेटिक्स विभाग में डॉ अजय मलकानी जन्म से पहले नवजात बच्चों में होने वाली परेशानी को भांप कर उनका इलाज और जांच करेंगे. सरकारी दर पर टीएमटी, सीजी और इको के लिए अब सिर्फ रिम्स पर आश्रित रहने की जरूरत नहीं होगी. सरकारी दर ही ये सभी इलाज व जांच की सुविधा मिलेगी. ईसीजी की सुविधा 24 घंटे मरीजों को दी जाएगी.

एनसीडी में मरीजों का विशेष ध्यान सिविल सर्जन ने बताया कि हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर में ओपीडी और इमरजेंसी की सुविधा दी गई है. इमरजेंसी 24 घंटे संचालित रहेगा. इमरजेंसी में सभी सुविधाओं से लैस 16 बेड पर मरीजों का इलाज होगा. साथ ही बताया कि एनसीडी विभाग की शुरूआत की जाएगी. जिसमें पेलेटिव केयर का ध्यान रखा जाएगा. इसमें डायबिटीज, बीपी, कैंसर के एंड स्टेज मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी. इस केंद्र में मरीजों को अधिक तकलीफ न हो इसको लेकर विशेष ध्यान रखा जाएगा और उनके जीवन की अवधि को बढ़ाने की कोशिश की जाएगी. वहीं कई तरह के कैंसर जो दवा से ठीक हो सकेंगे. ऐसे मरीजों के लिए भी वार्ड बनाया गया है.

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, राजद्वारा कोठी में सी०सी० एल०, राजद्वारा कोलियरी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023ः- सी०सी० एल०, राजहारा कोलियरी के द्वारा अपने सामाजिक दायित्व निर्वहन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, राजहारा कोठी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, गया। इस शिविर का शुभारंभ सराजहारा कोलियरी नै क्षेत्र के महाप्रबंधक, मुखिया चंदन कुमार, प्रमुख चिकित्सक



डॉ० सच्चिदानंद व प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति आनंद के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस शिविर में राँची से भी चिकित्सक आमंत्रित किए गए थे। विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामवासियों का भी निः शुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया व दवाईयाँ वितरित की गई। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 300 लोगों की जांच की गई।

# रामचरित मानस महज महाकाब्य नहीं जनमानस का सूत्रवाक्य है, बशर्ते ब्याख्या ब्यापक हो-अविनाशदेव देव

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023ः- डाल्टेनगंज विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखण्ड अंतर्गत कोशियारा ग्राम में रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ में शामिल हुआ। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने फूलमाला अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर स्वागत किये। यज्ञशाला का परिक्रमा एवं रामदरबार का दर्शन किये। अयोध्या से आयीं मानस प्रवक्ता को आरती उतारे फूलमाला अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए और आशीर्वाद लिए।



अल्पकालिक समय में अपनी बात को रखते हुए हमने कहा सात सौ सालों से भारतवर्ष के पावन भूमि पर रामचरित मानस का पवित्र पाठ हो रहा है इसके बावयुद बहस छिड़ा है। अगर रामचरित मानस को वाद से मुक्त कर दिया जाए और सच में आर्थिक लाभ से ऊपर हिमालय के गुफाओं में तपलीन ऋषियों के भांति निःस्वार्थ दिखावेपन से दूर जनमानस के लिए राम के चरित्र का वर्णन किया जाए तो रामचरित मानस महज महाकाब्य नहीं बल्कि जनमानस के सूत्रवाक्य हो जायेगा और सरहद पार भी इसकी महत्ता बढ़ जायेगी। हमे पुनर्विचार करना चाहिए ईसाई इस्लाम बौद्ध व अन्य विचार पूरी दुनिया मे क्यों प्रसारित हुआ। आज जरूरत है जाति धर्म सम्प्रदाय से ऊपर रामचरित मानस को ले जाने की तभी हम रामराज्य की परिकल्पना कर सकते हैं। तभी हम गंगा यमुना के धारा को निर्मल रख सकते हैं। जयसियाराम!!

# रामनवमी में सक्रिय रहेंगे युवा वाहिनी के सदस्यःसंतोष तिवारी

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023ः- रामनवमी शोभायात्रा के दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य सक्रिय भूमिका में नजर आएंगे।यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ सह भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी) का।श्री तिवारी ने बताया कि युवा वाहिनी पलामू प्रमंडल में नवरात्रि के दौरान होने वाले सभी यज्ञ पंडाल का भ्रमण कर रही है और धार्मिक



आयोजन में सहयोगी की भूमिका निभा रही है।श्री तिवारी ने बताया कि युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारी व सदस्य रामनवमी के मुख्य शोभायात्रा में सक्रिय भूमिका में नजर आएंगे। 30 मार्च को पूरे रात्रिकाल मुख्य शोभायात्रा के दौरान थाना रोड में सेवा भाव स्टॉल लगाकर बैठेंगे।उनहोंने शहरवासियों से रामनवमी पर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। उनहोंने कहा कि सेवा भाव स्टॉल में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल,चाय और बिस्किट की सुगम वयवस्था रहेगी।श्री तिवारी ने बताया कि धार्मिक आयोजन में युवा वाहिनी सदैव सबसे आगे खडा.मिलेगी।

# भारतीय वायुसेना में नियुक्ति की चयन परीक्षा 20 मई 2023 से ली जाएगी

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 292023ः-अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु के रूप में नियुक्ति की चयन परीक्षा 20 मई 2023 से ली जाएगी। बता दें कि अग्निवीरवायु के लिए पंजीकरण 17 मार्च 2023 से शुरू है और अंतिम आवेदन 31 मार्च 2023 को 17:00 बजे तक प्राप्त किया जाएगा।

भारतीय वायु सेना में नियुक्ति को लेकर सेना के कमान अधिकारी विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी पिछले कई दिनों से पलामू जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में विजिट कर छात्र छात्राओं से संवाद कर अग्निवीरवायु के लिए अभिप्रेरित कर रहे हैं। अभ्यर्थी ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए और आवेदन करने के लिए भारतीय वायु सेना की वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर लॉग इन कर सकते हैं।

# लाभुक को पशुधन वितरण किया गया।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी ,जामताड़ा( झारखण्ड)**

फतेहपुर प्रखण्ड परिसर मे कल्याण विभाग द्वारा 6लाभुक को पशुधन वितरण किया गया ।जिसमे वितरण मुख्य रूप से प्रमुख अरविन्द कुमार मुर्मू विधायक प्रतिनिध परेश यादव लाभुक को चार बकरी एक बकरा वितरण के साथ चारा गमला मग दवाई के साथ दिया गया।मौके पर प्रमुख अरविन्द कुमार मुर्मू ने कहा की ये पशुधन वितरण से पशुपालन कर्ता पशुपालन करके आत्म निर्भर हो सकता है मौके



बीएचओ डॉ सुबोध जितेन हाँसदा, उज्वल कुमार माहता डॉ नवीन कुमार, नरेश बाउरी मट्ठ असरर अंसारी,लाभुक श्रीमान टुडू, श्रीनाथ सोरेन, उज्जवल मुर्मू, अनिता हाँसदा, नुनुश्वर सोरेन, रबीन्द्रनाथ सोरेन,

# सहारा निवेशकों को वापस मिलेंगे पैसे, जब्त रकम से सुप्रीम कोर्ट ने रिलीज किए 5000 करोड़

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,**

राँची (झारखंड ) 29मार्च 2023ः-वर्षों से राशि का इंतजार कर रहे सहारा के निवेशक के लिए अच्छी खबर है. सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों को राशि लौटाने का रास्ता खोल दिया है. सहारा-सेबी फंड में 24,000 करोड़ रुपये जमा हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इसमें से 5,000 करोड़ रुपये अलॉट कर दिए हैं जिससे कि 1.1 करोड़ निवेशकों के पैसों का भुगतान किया जा सकेगा. बता दें कि हाल में सरकार ने निवेशकों के पैसों का भुगतान के लिए 5,000 करोड़ रुपये अलॉट करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से दरख्वास्त की थी.